NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com

वर्ष:05, अंक:-144, पृष्ठ: 12 | रविवार, 30 नवंबर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# तूफान 'दितवाह'

## तमिलनाडु-पुडुचेरी में तेज हवाएं: 54 फ्लाइट्स रद्द, स्कूल बंद; श्रीलंका में 150 लोगों की मौत, 300 भारतीय फंसे

**नई दिल्ली।** श्रीलंका में तबाही मचाने के बाद साइक्लोन दितवाह आज तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों से टकराएगा। मौसम विभाग ने कुड्डालोर, नागपट्टिनम, मयिलादुथुराई, विल्लुपुरम, चेंगलपट्टू समेत कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। तमिलनाडु के तटीय जिलों में राहत-बचाव के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ समेत 28 से ज्यादा डिजास्टर रिस्पॉन्स टीमों को तैनात किया गया है। इनके अलावा महाराष्ट्र और गुजरात के एनडीआरएफ बेस से 10 टीमें चेन्नई पहुंची हैं।

तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण 54 उड़ानें रद्द कर दी गईं। पुडुचेरी सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने साइक्लोन के कारण छुट्टी घोषित कर सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। पुडुचेरी, कराईकल, माहे और यनम में सभी स्कूल और कॉलेज सोमवार तक बंद रहेंगे। श्रीलंका में दितवाह के कारण बाढ़ और लैंडस्लाइड से 150 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। 100 से ज्यादा लापता हैं। चेन्नई की फ्लाइट्स कैंसिल होने के कारण कोलंबो एयरपोर्ट पर लगभग 300 भारतीय यात्री पिछले तीन दिन से फंसे हैं। ये सभी दुबई से श्रीलंका के रास्ते भारत आने वाले थे।

## आईएमडी का रेड अलर्ट



## कैलिफोर्निया में गोलीबारी, चार की मौत, 10 घायल

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की घटना हुई है। पुलिस ने बताया कि कैलिफोर्निया के स्टॉकटन में हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हुई है और 10 लोग घायल हुए हैं। एक बच्चे की बर्थडे पार्टी के दौरान गोलीबारी हुई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, गोलीबारी में मरने वाले लोगों में दो बच्चे भी शामिल हैं।

सैन जाओकिन काउंटी शेरिफ ने सोशल मीडिया पोस्ट पर बताया कि मरने वालों में दो बच्चे और दो व्यस्क शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि शुरूआती जांच में ऐसा लग रहा है कि इन लोगों को निशाना बनाकर हत्या की गई। गोलीबारी की घटना एक बैंक्वेट हॉल के भीतर हुई। पुलिस गोलीबारी के पीछे की वजह तलाशने में जुटी है।

### नेशनल हेराल्ड केस में नई एफआईआर

## सोनिया-राहुल के अलावा सैम पित्रोदा का भी नाम

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती दिख रही हैं। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एक नई एफआईआर दर्ज की है।




कांग्रेस की वरिष्ठ सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ-साथ कई अन्य प्रमुख व्यक्तियों के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की है। यह कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय की शिकायत पर की गई है, जो इस हाई-प्रोफाइल मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है। आरोप है कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने अपने पद का दुरुपयोग कर व्यक्तिगत लाभ उठाया है। एफआईआर में भारतीय दंड संहिता की धारा 120इ (आपराधिक साजिश), 403 (बेईमानी से संपत्ति का गबन), 406 (आपराधिक विश्वासघात के लिए सजा) और 420 (धोखाधड़ी) के तहत आरोप लगाए गए हैं। एफआईआर में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, कांग्रेस नेता सुमन दुबे और सैम पित्रोदा के साथ-साथ यंग इंडियन (वाईआई), डॉटेक्स मर्चेंडाइज लिमिटेड, डॉटेक्स प्रमोटर सुनील भंडारी और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) तथा अज्ञात अन्य को आरोपी बनाया गया है।

## चमोली के कई इलाकों में भूकंप के झटकों से दहशत, घरों से बाहर दौड़ पड़े लोग

**चमोली।** उत्तराखंड में आज एक बार फिर धरती डोली। चमोली के नारायणबगड़ में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इससे लोगों में दहशत फैल गई और लोग घरों से बाहर दौड़ पड़े।

भूकंप के झटके 10 बजकर 27मिनट पर, कर्णप्रयाग, नारायणबगड़, थराली और देवाल में महसूस हुए। भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई है। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंद किशोर जोशी नें बताया भूकंप का केंद्र चमोली के आसपास बताया जा रहा है। कहीं से किसी नुकसान की सूचना नहीं है।

उत्तराखंड को भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील जोन-छह में शामिल किया गया है। इससे पहले राज्य के जिलों को जोन चार और पांच में विभाजित किया गया था। अब भारतीय मानक ब्यूरो ने डिजाइन भूकंपीय जोखिम संरचनाओं के भूकंपरोधी डिजाइन के मानदंड रीति संहिता-2025 में नया भूकंपीय क्षेत्रीकरण मानचित्र जारी किया है। उत्तराखंड समेत अन्य हिमालयीय राज्यों को भी बेहद संवेदनशील जोन छह में रखा गया है।



# उत्तर भारत में शीतलहर: कई राज्यों में घना कोहरा

## कश्मीर में पारा -6 तक; आईएमडी ने जारी की ठंड और बढ़ने की चेतावनी





**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में सर्दी का असर तेज हो गया है। कश्मीर से लेकर राजस्थान तक तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है, जबकि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को बुलेटिन में देशभर की मौसम स्थिति और आगामी सप्ताह के पूर्वानुमान जारी किए हैं। कश्मीर घाटी इस समय कड़ाके की ठंड से जूझ रही है। बादल छाने से कई स्थानों पर रात के तापमान में मामूली सुधार हुआ है, लेकिन न्यूनतम पारा अब भी हिमांक से नीचे बना हुआ है। शुक्रवार रात दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के कोनीबाल में तापमान माइनस 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो घाटी का सबसे ठंडा स्थान रहा।

श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 3.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो एक दिन पहले के माइनस 4.5 डिग्री की तुलना में थोड़ा अधिक है। काजीगुंड में पारा माइनस 3.4, कुपवाड़ा में माइनस 4.9, कोकरनाग में माइनस 1.6, पहलगाम में माइनस 5.2 और गुलमर्ग में माइनस 1.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। घाटी के अधिकांश हिस्सों में सुबह घना कोहरा छाया रहा, खासकर झीलों और नदी किनारे के क्षेत्रों में। आईएमडी ने 10 दिसंबर तक कश्मीर में मौसम शुष्क रहने का अनुमान लगाया है। 1 से 5 दिसंबर के बीच बादल बढ़ सकते हैं और तापमान में और गिरावट की संभावना है।

राजस्थान में पिछले कुछ दिनों से शुष्क मौसम बना हुआ है। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार शेखावाटी क्षेत्र (झुंझुनू, सीकर, चूरू) में तापमान 8-9 डिग्री तक गिर चुका है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से ऊपर है, लेकिन अगले तीन दिनों में 2-3 डिग्री की और गिरावट की संभावना है। 2 से 4 दिसंबर के बीच शेखावाटी में रात का पारा 4-5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जिससे ठिठुरन बढ़ेगी।

उत्तराखंड में भी तापमान में गिरावट जारी है। उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, चमोली और रुद्रप्रयाग के ऊंचाई वाले हिस्सों में पारा लगातार शून्य के आसपास पहुंच रहा है। मैदानों में खासकर हरिद्वार, उधम सिंह नगर सुबह कोहरा घना रहेगा। आईएमडी ने 30 नवंबर से 4 दिसंबर के बीच राज्य में शीतलहर जैसे हालात बनने की चेतावनी दी है।

आईएमडी के अनुसार अगले 7-10 दिनों में उत्तर भारत में अधिकतर राज्यों में मौसम शुष्क रहेगा। तापमान में क्रमिक गिरावट होगी, मैदानी इलाकों में कोहरे की स्थिति गंभीर होगी, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिम यूपी में धुंध का असर तेज होगा। दिल्ली-एनसीआर में रात का तापमान धीरे-धीरे कम होगा और सुबह के समय दृश्यता प्रभावित हो सकती है।

कश्मीर में जहां तेज पाला पड़ रहा है, वहीं जम्मू में दिन में धूप खिली रही। अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। सुबह-शाम ठंडक तेज है, जबकि रात में हल्का कोहरा छा रहा है।

पूर्वोत्तर राज्यों असम, मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल में हल्की बारिश के आसार हैं। मध्य भारत (एमपी, छत्तीसगढ़) में रातें ठंडी होंगी, लेकिन दिन में धूप निकलने से थोड़ी राहत रहेगी। दक्षिण भारत में तापमान सामान्य रहेगा, हालांकि तटीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है।

आईएमडी के अनुसार हिमाचल प्रदेश में दिन और रात के तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। लाहौल-स्पीति, किन्नौर और चंबा के ऊपरी इलाके कड़ाके की ठंड की चपेट में हैं।

## बलरामपुर से सटे गांवों के 25 संदिग्धों पर शक की सुई





**लखनऊ।** दिल्ली विस्फोट के बाद डॉ. शाहीन और डॉ. परवेज अंसारी का कनेक्शन सामने आने से कमिश्नरी पुलिस के साथ जांच एजेंसियां सतर्क हैं। शहर के संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्रों की जांच की गई, जिसमें से 25 और संदिग्ध सामने आए हैं। यह बंगाली और उर्दू भाषा बोलते हैं।

इनके रोहिंग्या होने की आशंका पर जांच शुरू हो गई है। प्रारंभिक जांच में इनका मूलपता बलरामपुर से सटे गांवों का मिला है। एलआईयू और विशेष पुलिसकर्मी जांच के लिए भेजे गए हैं। शहर में पाकिस्तानी, बांग्लादेश समेत अन्य देशों के लोग रह रहे हैं। इसकी जानकारी पुलिस के पास है। एलआईयू, खुफिया और थानास्तर पर पुलिस की ओर से कराई गई जांच में 125 संदिग्धों के नाम सामने आए थे। उनकी पहचान के लिए असम और बिहार से सटे कुछ गांवों में चार टीमें भेजी गई थीं। शहर में असम और बिहार के मूल पते वाले 50 प्रतिशत लोगों की पहचान सही मिली। उनकी संपत्ति और दस्तावेजों का मिलान कर लिया गया है। गुरुवार को 25 संदिग्ध नाम और सामने आए हैं। यह एक साथ रहकर कारोबार में जुड़े हुए हैं। इनका मूल निवास बलरामपुर बार्डर से सटे गांव हैं। कमिश्नरी पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक शनिवार को तीन सदस्यीय टीम रवाना की गई है। यह संदिग्धों की जानकारी जुटाएगी। पुलिस की कई टीमें सोमवार को पश्चिम बंगाल के लिए रवाना की जाएंगी। यहां के अधिकारियों ने कुछ की डिटेल वहां की इंटेलीजेंस यूनिट को पहले ही भेज दी थी। हालांकि, अब तक उसकी कोई रिपोर्ट नहीं आ सकी है।

## सनसनीखेज वारदात: नानी घर शादी में जा रहे दो बच्चे रास्ते से गायब

### एक की लाश खेत में मिली, दूसरा लापता

**संभल।** यूपी के संभल स्थित रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव सिघौली कल्लू के खेतों में शनिवार की सुबह करीब 10:30 बजे लापता किशोर का शव मिला। इसकी पहचान बहजोई थाना क्षेत्र के गांव मैथरा धर्मपुर निवासी 14 वर्षीय अमरपाल के रूप में हुई। किशोर का शव मिलने की सूचना पर पहुंचे पिता रामौतार ने पहचान की। पीड़ित पिता ने बताया कि उनका दूसरा बेटा 10 वर्षीय कमल सिंह भी चार दिन से लापता है। पुलिस अब कमल की बरामदगी में जुट गई है। पीड़ित पिता ने जिस रिश्तेदार युवक पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, उसकी भी तलाश की जा रही है।

पिता रामौतार ने पुलिस को बताया कि उनके दोनों बेटे अपनी ननिहाल गांव मझोला में 25 नवंबर को वैवाहिक समारोह में शामिल होने गए। इस गांव से 26 नवंबर को बरात जा रही थी। बरात में जाने के लिए पिकअप में सवार हो गए थे लेकिन बदायूं के थाना उघैती अंतर्गत गांव सरैरा निवासी रिश्तेदार धनवीर आया और उसने बाइक से बरात में ले जाने की बात कही और दोनों बेटों को पिकअप गाड़ी से नीचे उतार लिया। जब दोनों बेटे बरात में नहीं पहुंचे तो चिंता हुई और तलाश की गई लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा।

रिश्तेदार युवक से जानकारी की तो उसने भी सही जानकारी नहीं दी। इसके बाद ही धनारी थाने में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अपहरण किए गए किशोर का शव मिलने की सूचना पर एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा मौके पर पहुंची और टीम को आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए लगाया है। एएसपी ने रजपुरा और धनारी थाने की पुलिस को मृतक के दूसरे लापता भाई कमल सिंह की तलाश में लगाया है। वहीं, दूसरी ओर परिजनों को कमल सिंह के साथ भी अनहोनी होने का डर सता रहा है।

रजपुरा थाना क्षेत्र के जंगल में जहां शव मिला है, वहां तक जाने को गवां-बबराला मार्ग पर स्थित गांव देवपुरा से चकमार्ग जाता है जो आगे गांव सिंघौली कल्लू और करकौरा तक के खेतों को जोड़ता है। हत्यारोपी मुख्य मार्ग से पहले करीब पांच सौ मीटर जंगल की ओर गया और फिर एक खाली खेत से शव को करीब 50 मीटर तक खींच कर ले गया। बाद में शव को सिंघौली कल्लू के निवासी जय नारायण के गन्ना के खेत में फेंककर भाग गया।

किशोर के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं और चेहरे का कुछ हिस्सा भी जंगली जानवरों ने नोच लिया था। पांच घंटे तक पुलिस शिनाख्त कराने का प्रयास करती लेकिन शाम तीन बजे के करीब शव की शिनाख्त बहजोई थाना क्षेत्र के गांव मैथरा धर्मपुर निवासी रामौतार के 14 वर्षीय बेटे अमरपाल के रूप में हुई। हत्या का आरोपी धनवीर बीटेक प्रथम वर्ष का छात्र बताया जा रहा है।

## बरेली में दुल्हन की मौत: शादी के 28 दिन बाद तालाब में मिला शव

**बरेली।** शादी के 28 दिन बाद ही विवाहिता ज्योति (24 वर्ष) का शव घर के पीछे तालाब में मिला। पोस्टमॉर्टम में डूबने से मौत की पुष्टि हुई है। ज्योति के पिता राजेश कुमार ने बेटी के पति लव शर्मा, सास सरोज शर्मा, जेठ अरविंद शर्मा व अमित शर्मा, ननद पूजा, ननदोई कपिल पाठक के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है।

मढ़ीनाथ हनुमान गढ़ी के सामने तालाब में शनिवार सुबह सात बजे ज्योति का शव मिला। ससुराल पक्ष के लोग उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सुभाषनगर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने ज्योति के पिता किला थाना क्षेत्र के गढ़ैया निवासी राजेश कुमार सैनी को बुला लिया। उन्होंने बताया कि एक नवंबर को उन्होंने बेटी की शादी लव शर्मा से की थी। लव इंद्रा मार्केट में कपड़े का काम करता है।

राजेश ने बताया कि शुक्रवार शाम उन्होंने ज्योति को कॉल की तो वह रिसीव नहीं हुई। शनिवार सुबह संपर्क करने पर ससुराल वालों ने तबीयत खराब होने और अस्पताल ले जाने की बात कही। इसके कुछ देर बाद ज्योति की मौत की सूचना मिली। उनका कहना है कि उनकी बेटी आत्महत्या नहीं कर सकती। उन्होंने दहेज हत्या की आशंका जताई।

इंस्पेक्टर ने पूछताछ की तो कुछ पड़ोसियों ने सुबह सात बजे तालाब में कुछ गिरने की आवाज सुनाई देने की बात कही। एक पड़ोसी ने दावा किया कि उसने ज्योति को ढाई फुट ऊंची मुंडेर पर चढ़कर पीछे तालाब में कूदते देखा है, हालांकि बाद में उसने इस बात से इन्कार कर दिया। कुछ लोगों ने बताया कि ज्योति छत पर झाड़ू लगाकर कूड़ा फेंकने दूसरी मंजिल पर गई थी।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
रविवार, 30 नवंबर, 2025


# महिला सिपाही ने की खुदकुशी

## फंदे से लटका मिला शव, पुलिस- फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी



### 'छुट्टी मिल गई है...'

#### मौत से दो घंटे पहले परिजनों को किया फोन

हेमलता की मौत की खबर गांव में पहुंची तो परिवार में मातम छा गया। घर में हेमलता की चचेरी बहन की शादी की तैयारियां चल रहीं थी। पिता कर्मवीर और मां बैजयंती को बेटी के आने का इंतजार था, लेकिन करीब 2:30 बजे थाने से फोन आया, उन्होंने बेटी की मौत की सूचना दी। घर में शादी की खुशियों का माहौल पल भर में गम में बदल गया। पिता कर्मवीर ने बताया कि बेटी की करीब एक बजे कॉल आई थी कि उसे छुट्टी मिल गई है। वह चाचा बच्चू सिंह की बेटी पूजा की शादी में आ रही है। घर पर सभी इंतजार कर रहे थे। लेकिन उसकी मौत की खबर आ गई। सूचना पर उन्होंने हेमलता के मामा छीतर सिंह को बेटी के कमरे पर भेजा। छीतर ने उन्हें बताया कि कमरे में बेटी का बैग तैयार था। टेबल पर कटा सेव और गर्म दूध रखा था। यह सब देखकर कहीं से नहीं लग रहा था कि वह आत्महत्या कर सकती है।

**चार बच्चों में छोटी थी हेमलता**

पिता कर्मवीर चाहर किसान हैं। उनके दो बेटे नीटू और सोनू दोनों प्राइवेट नौकरी करते हैं। बड़ी बेटी रेनू की शादी हो गई है। हेमलता सबसे छोटी थी। पिता उसकी शादी के लिए लड़का देख रहे थे।

एनएनआई

**अलीगढ़।** अलीगढ़ महानगर के रोरावर थाने में तैनात महिला सिपाही हेमलता ने 29 नवंबर दोपहर बन्ना देवी थाना क्षेत्र की जवाहर नगर कालोनी में किराये के घर में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। इससे पहले सिपाही ने अपने व्हाट्सएप पर स्टेटस भी लगाया, जिसे देखकर महकमे में खबर फैली। तब पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मूल रूप से आगरा कागारौल क्षेत्र की रहने वाली महिला सिपाही ने यह कदम क्यों उठाया? इस सवाल पर तमाम चचाएँ हैं। पुलिस फिलहाल जांच की बात कह रही है।

मूल रूप से आगरा कागारौल के गांव बैमन के किसान कर्मवीर सिंह के चार बच्चों में सबसे छोटी हेमलता (28) यूपी पुलिस के 2015 बैच की सिपाही थी। ट्रेनिंग पूरी कर वर्ष 2016 से वह अलीगढ़ में कार्यरत थी। वर्तमान में उसकी तैनाती रोरावर थाने में आईजीआरएस पटल पर थी। वह जीटी रोड पर बन्नादेवी क्षेत्र की जवाहर नगर कालोनी में एक सेवानिवृत्त दरोगा नरेंद्र सिंह के मकान में एक अन्य महिला निरीक्षक संग ऊपरी मंजिल पर किराये पर रहती थी, जबकि मकान स्वामी बाहर रहते थे। इन दिनों साथी महिला निरीक्षक भी यहां नहीं थीं। वाकया दोपहर करीब सवा बजे का है। हेमलता घर पर ही थी। तभी अचानक उसने घर के निचले हिस्से के आंगन में लोहे के जाल से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे पहले सिपाही ने अपने व्हाट्सएप पर आत्महत्या संबंधी स्टेटस लगाया था। जिसे उसकी साथी सिपाहियों ने देखा तो महकमे में खबर पहुंच गई। आनन फानन खबर पर बन्नादेवी पुलिस, सीओ द्वितीय फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंच गए। फंदे पर झूलती मिली सिपाही को उतारकर जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। साथ ही फॉरेंसिक टीम ने पूरे घर की जांच व तलाशी ली है। सीओ द्वितीय कमलेश कुमार इतना ही कहते हैं कि अभी जांच की जा रही है। आत्महत्या की वजहों को लेकर सभी पहलुओं को देखा जा रहा है। परिवार से भी बात की जाएगी। साथी कर्मचारियों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। मोबाइल भी जांचा जा रहा है।

# न रोप-वे और न कार... 250 सीढ़ियां चढ़कर श्रीजी राधारानी के दर्शन करने आए संत प्रेमानंद

एनएनआई

**बरसाना।** यह दृश्य बेहद मार्मिक था। एक भक्त का भगवान से मिलन था। संत प्रेमानंद जी राधारानी के उपासक हैं, शनिवार सुबह वह थीं। अपनी आराध्य को सामने पाकर आंसुओं की वर्षा में आंखें भीग गईं। मानों आंखें कह रही हों, बहुत दिनों से आपके दर्शन की प्यास थी। आज भाव के आंसुओं से बुझ गई। संत प्रेमानंद शनिवार को बरसाना पहुंचे तो श्रीजी के धाम में शीश नवाकर धन्य हो गए। हजारों श्रद्धालु उनकी एक झलक पाने को व्याकुल थे।



सुबह अपनी गाड़ी के कुछ परिकरों के साथ संत प्रेमानंद बरसाना पहुंच गए। कुछ ही देर में चर्चा राधा के पूरे गांव में फैल गई। एक से दूसरे और फिर तीसरे तक चर्चा पहुंची तो हजारों ग्रामीण एकत्र हो गए। करीब 19 वर्षों से किडनी की बीमारी से जूझ रहे संत प्रेमानंद न तो कार से ब्रह्मांचल पर्वत पर स्थित मंदिर पहुंचे और न ही रोपवे का सहारा लिया। करीब 250 सीढ़ियों पर चढ़े और राधारानी के पास पहुंचे।

सीढ़ियां चढ़ने की शक्ति मानों राधारानी ने खुद दी हो। बिना किसी आडंबर के कतार में खड़े हुए, गर्भगृह में पहुंचे और राधारानी की मूर्ति के सामने कुछ क्षण मौन रहे। उस समय वातावरण ऐसा लगा मानो मंदिर की घंटियां भी रुक गईं हों और भाव ने सभी ध्वनियों को थाम लिया हो। सामने लाडलीजु थीं तो उनके उपासक की आंखों से आंसू बहना भी स्वाभाविक था। पलकें गीली और आंखें लाडली को निहारतीं।

करीब एक घंटे तक पूजन किया। फिर इतना बोले, यहां हवाएं नहीं चलतीं, यहां राधानाम की अनुभूति बहती है। संत ने यह कहा और बहुतेरी आंखों से आंसुओं की धारा बह चली। फिर संत प्रेमानंद ने लाडलीजु को प्रणाम किया और सीढ़ियों से नीचे उतरे।

## तिलक समारोह में फायरिंग दो पुलिसकर्मी सहित चार घायल

**मथुरा** एनएनआई। तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग से अफरातफरी मच गई। फायरिंग में आगरा का किशोर घायल हो गया। पुलिस को हथियार सौंपते समय अचानक 12 बोर की बंदूक का ट्रिगर दबने से दो पुलिसकर्मियों समेत तीन लोग छर्रे लगने से घायल हो गए। पुलिस ने बंदूक कब्जे में लेते हुए दो आरोपित गिरफ्तार किए हैं।

**लाइसेंसी बंदूक से किया फायर**

शुक्रवार रात अमरसिंह के बेटे सूरज का तिलक समारोह था। 10.35 बजे समारोह में अमर सिंह के परिवार के ही जितेंद्र अपने पिता टीकम सिंह की लाइसेंसी बंदूक को लेकर आया और फायरिंग करने लगा। फायरिंग से निकले छर्रे पास में बैठे सिंकू निवासी आगरा को लग गए। इससे अफरातफरी मच गई। पुलिस मौके पर पहुंची। सिपाही जयवीर सिंह व होमगार्ड वीरेंद्र सिंह ने बंदूक मांगी तो जितेंद्र का भांजा दिल्ली निवासी कौशल बंदूक लेकर पहुंचा। बंदूक लेने के दौरान ही फायर हुआ। छर्रे लगने से सिपाही, होमगार्ड और राहुल घायल हो गए। पुलिस ने जितेंद्र व कौशल को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने बताया मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। लाइसेंस निरस्त कराया जाएगा।

# गैंगलीडर मंशाराम की 41 लाख से अधिक की संपत्ति कुर्क

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। शिकोहाबाद पुलिस ने गैंग लीडर मंशाराम की 41 लाख 07 हजार 615 रुपये मूल्य की चल-अचल संपत्ति कुर्क कर जब्त कर ली है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर की गई।

एसएसपी सौरभ दीक्षित के निर्देश पर जिले में आदतन अपराधियों और संगठित गिरोह बनाकर गंभीर अपराध करने वाले आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत शिकोहाबाद पुलिस टीम और राजस्व विभाग ने संयुक्त रूप से यह कुर्की की कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार, आरोपी मंशाराम अपने बेटे रोहित उर्फ आशु के साथ मिलकर इस गैंग का संचालन करते थे। ये दोनों बलवा, मारपीट, जान से मारने का प्रयास, अपहरण, छल-कपट और षड्यंत्र जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम देकर अवैध तरीके से धन कमाते थे। मंशाराम के खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में लगभग डेढ़ दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उस पर संगठित अपराधों के जरिए अवैध रूप से धन-संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। यह कुर्की थाना मक्खनपुर में गिरोहबंद एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 के तहत की गई है। मंशाराम की 41 लाख 07 हजार 615 रुपए की संपत्ति 29 नवंबर 2025 को जब्त की गई।

पुलिस ने बताया कि अपराधियों की अवैध संपत्तियों पर इस तरह की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। अभियुक्त मंशाराम पुत्र नारायण, जहांगीरपुर गैलरई, थाना मक्खनपुर, जनपद फिरोजाबाद का निवासी है।



# फाइव स्टार होटल में चोरी

## कमरे से गायब हो गए 25 लाख के जेवर

एनएनआई

**आगरा।** थाना एकता क्षेत्र में फतेहाबाद रोड स्थित एक पंचतारा होटल के रूम से ज्वेलरी भरा बैग गायब हो गया। शादी समारोह समाप्त होने के बाद पीड़ित को पता चला। उन्होंने होटल प्रबंधन को सूचना दी। उन्होंने काफी तलाश की लेकिन ज्वेलरी का पता नहीं चल सका। पीड़ित ने नौ दिन बाद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

शाहगंज के साकेत कॉलोनी निवासी मनीष मगन ने पुलिस को बताया कि उनकी भांजी की 20 नवंबर को फतेहाबाद रोड स्थित पंचतारा होटल में शादी थी। वह परिवार के साथ पहुंचे थे। उनके परिवार को एक कमरा दिया गया था। उस कमरे का लॉक खराब था। उसी में ज्वेलरी का बैग रखा था। उनका पूरा परिवार कमरे से रात करीब आठ बजे शादी समारोह में शामिल होने चला गया।



सभी देर रात कमरे में वापस लौटे और सो गए। सुबह मनीष की पत्नी अपने कपड़े व अन्य सामान को रख रहीं थीं। तभी उन्हें बैग से जेवर गायब दिखे।

बैग से जेवर के साथ डायमंड का लॉकेट सेट भी गायब था। जेवर और लॉकेट की कीमत करीब 22 से 25 लाख रुपये थी। मनीष मगन ने बताया कि उन्होंने इसकी सूचना होटल प्रबंधन को दी। इसके बाद सभी ने ज्वेलरी की काफी तलाश की लेकिन कहीं नहीं मिली। ताज सुरक्षा एसीपी पीके राय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस होटल के सीसीटीवी खंगाल रही। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# हाथरस रोड पर बेकाबू डंपर ने मचाई तबाही, मकानों में घुसा

एनएनआई




**आगरा।** एक बेकाबू डंपर ने जमकर उत्पात मचा दिया। तेज रफ्तार डंपर के चालक ने रात करीब 2 बजे नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन सीधे एक मकान के बाहर बने टीन शेड से टकरा गया। हादसे में मकान की बाहरी दीवार, टीन शेड, ऊपर पड़ी चादरें और अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में मकान के सामने खड़ी मोटर साइकिल और एक्टिवा भी चपेट में आकर टूट-फूट गईं। टकराने के बाद डंपर आगे बढ़ते हुए पास के दो अन्य मकानों अवरार उर्फ विट्टू तथा सरफराज अली की कास्मेटिक सामग्री की ढेरियों को भी नुकसान पहुंचा गया। पीड़ित अंशुल प्रताप सिंह उर्फ गोल्डी, निवासी राधे नगर, टेडी बगिया, ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि डंपर को सुरेंद्र सिंह गुर्जर पुत्र वीरेंद्र सिंह, निवासी धौलपुर (राजस्थान), चला रहा था। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया, जबकि डंपर मौके पर ही खड़ा मिला। प्रभारी ट्रांसयमुना ने बताया कि पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर वाहन को सीज किया गया है।

# एत्मादपुर में चलती कार बनी आग का गोला

**आगरा** एनएनआई। थाना एत्मादपुर क्षेत्र में शनिवार को सड़क पर चलती कार में आग लग गई। थोड़ी ही देर में कार आग का गोला बन गई। गनीमत रही कि कार से धुआं उठता देख चालक बाहर निकल आया।

खबरों के मुताबिक, दिल्ली के रहने वाले दिनेश अपनी फोर्ड कार से एत्मादपुर के निखिल होम्स अपार्टमेंट में आए थे। रास्ते में अचानक कार के बोनट से धुआं उठने लगा। दिनेश ने कार को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। उन्होंने नीचे उतर कर कार का बोनट खोला तो अंदर से आग की लपटें उठने लगी और थोड़ी ही देर में कार आग का गोला बन गई। आसपास के लोगों ने मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग ने काबू में नहीं आई। थोड़ी देर में पूरी कार जल गई।



# धर्मांतरण के मुकदमे में साजिशकर्ताओं को किया शामिल

एनएनआई

**आगरा।** विगत महीनों पहले थाना शाहगंज क्षेत्र के अंतर्गत धर्मांतरण गैंग का पुलिस ने खुलासा किया था। करीब 80 परिवारों को धर्मांतरण कराने के आरोपी राजकुमार लालवानी सहित आठ लोगों को पुलिस ने जेल भेजा था । पूरे मामले के वादी घनश्याम हेमलानी धर्मांतरण के आरोपियों को सजा दिलाने के लिए मजबूत तरीके से पैरवी कर रहे हैं। पुलिस ने विवेचना के आधार पर गवाहों की पुष्टि एवं धर्मांतरण मामले के मुख्य आरोपी राजकुमार लालवानी की पुलिस रिमांड के दौरान पंजाब अंबाला निवासी कंचन मित्तल और मुंबई महाराष्ट्र के उल्हासनगर निवासी दिनेश चावला का नाम सामने आया था । इस आधार पर पुलिस ने धर्मांतरण मामले के मुकदमे में पूरे मामले की मास्टरमाइंड कंचन मित्तल और दिनेश चावला का नाम भी सम्मिलित किया है। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुकदमे में धारा 113 (3) एवं 111 (4) बी एनएस की बढ़ोतरी की है। गौरतलब है कि धर्मांतरण मामले में गिरफ्तार हुए आठ अभियुक्त पहले से ही जेल में है अब दो अभियुक्त और बढ़ाए गए हैं एवं अन्य अज्ञात के विरुद्ध विवेचना जारी है। मजबूत पैरवी के साथ धर्मांतरण मामले के वादी घनश्याम हेमलानी लगातार पुलिस अधिकारियों से धर्मांतरण मामले की मास्टरमाइंड कंचन मित्तल के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग कर रहे हैं । मुकदमे में पंजाब निवासी धर्मांतरण मामले की मास्टरमाइंड कंचन मित्तल और दिनेश चावला का नाम सम्मिलित किए जाने पर घनश्याम हेमलानी ने कहा मुझे उत्तर प्रदेश पुलिस और न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है सनातन धर्म के खिलाफ साजिश रचने वाले लोगों को सख्त से सख्त सजा मिलेगी।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# नौ साल के बच्चे की निर्मम हत्या में दोषी को आजीवन कारावास की सजा

एनएनआई

**आगरा।** नौ साल के बालक का गला कटा शव घर में मिला था। घर में खून ही खून बिखरा था। कोर्ट ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही जुर्माना भी लगाया है।

आरी वाली ब्लेड से नौ वर्षीय बालक की गला काटकर हत्या करने के मामले में अदालत ने थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के मोतीबाग निवासी आयुष शर्मा को दोषी माना। एडीजे-21 विराट कुमार श्रीवास्तव ने उसे आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। दोषी घर के अंदर चोरी के इरादे से गया था। बच्चे ने उसे देख लिया, जिससे उसकी हत्या कर दी।

एत्माद्दौला थाने में दर्ज केस के अनुसार, कटरा वजीर खां में रहने वाली बालक की मां दीपांशी गौतम ने



तहरीर दी थी। बताया कि वह 17 नवंबर 2017 की शाम 5 बजे अपनी बेटी यशिका के साथ सीता नगर सब्जी मंडी गई थीं। घर पर उनका 9 वर्षीय बेटा क्रिश अकेला था। लौटकर घर पहुंचीं तो देखा कि किसी ने बेटे की गला काटकर हत्या कर दी थी।

घर में खून ही खून बिखरा पड़ा था। उन्होंने घर के पड़ोस में सीट कवर की दुकान चलाने वाले सोनू पर बेटे की हत्या का शक जताया। कहा कि ऑटो खड़ा करने के मामले में सोनू से उनके पति का विवाद हुआ था। इसके बाद वह रोजाना गाली-गलौज करता था।

पुलिस ने दुकानदार सोनू और उनके किराएदार सुरेंद्र यादव के खिलाफ केस दर्ज किया। घटनास्थल से फॉरेंसिक टीम ने क्रिश का रक्तरंजित शव दरी में लिपटा, खून से सनी बेडशीट, दरी, आरी वाली ब्लेड बरामद कर जांच के लिए भेजा। बाद में पुलिस ने क्रिश की बहन यशिका के बयान पर आरोपी आयुष शर्मा को हिरासत लिया। पूछताछ के बाद आरोपपत्र अदालत में पेश किया। मुकदमे के विचारण के दौरान तथ्य सामने आया कि आयुष शर्मा पूर्व में वादिनी के घर में किरायेदार था। वह चोरी के इरादे से आया था। क्रिश ने उसे पहचान लिया। वह किसी को बता न दे, इस वजह से आयुष ने आरी वाले ब्लेड से क्रिश की हत्या कर दी। यशिका ने आरोपी को घर से निकलते हुए देखा था।

# 28 लाख रुपये लेकर भी नहीं दिया फ्लैट, बिल्डर को ब्याज सहित देनी होगी रकम

- जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग प्रथम के अध्यक्ष और सदस्य ने पीड़ित पक्ष में दिया आदेश
- एक साल बाद कब्जा लकर भी नहीं कराया था फ्लैट का बैनामा

एनएनआई

**आगरा।** रकम जमा कराने के बाद भी बिल्डर ने फ्लैट नाम नहीं किया। शिकायत पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग प्रथम के अध्यक्ष सर्वेश कुमार और सदस्य राजीव कुमार ने पीड़ित के पक्ष में आदेश दिया।

उन्होंने बिल्डर शस्य मंगलम इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड खेरिया मोड़ निवासी सतीश चाहर और अतुल से 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित 28.60 लाख रुपये वादी को दिलाने के आदेश दिए। साथ ही 1.20 लाख रुपये मानसिक कष्ट और वाद व्यय के रूप में अलग से देने के लिए कहा है।

हरीपर्वत थाना क्षेत्र के चर्च रोड की अमिता आहूजा ने शस्य मंगलम इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, विभव अपार्टमेंट न्यू आगरा के सतीश चाहर और अतुल कुमार सिंह के विरुद्ध आयोग में वाद दायर किया था। बताया था कि उन्होंने विपक्षियों से देव नगर कॉलोनी में निर्मित देवश्री अपार्टमेंट में फ्लैट संख्या 504 का सौदा किया। 7 जुलाई 2010 को विपक्षियों ने 28 लाख रुपये लेकर बुक किया।

एक साल बाद कब्जा देकर फ्लैट का बैनामा करना था। इसके बाद भी विपक्षियों ने न फ्लैट पर कब्जा दिया और न ही रुपये वापस दिए। उनके नाम से आवंटित फ्लैट को दूसरे शख्स सुरेंद्र कुमार को बेच दिया।

हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा

www.nnindianews.com

रविवार, 30 नवम्बर, 2025




# आई लव आगरा सेल्फी प्वाइंट पर किया जाएगा ताज महोत्सव का आयोजन

### ताज महोत्सव 2026 की थीम निर्धारित करने के लिए आमजन से मांगे जायेंगे सुझाव

एनएनआई



**आगरा।** ताज महोत्सव 2026 आयोजन को लेकर मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को ताज महोत्सव समिति की बैठक हुई। पर्यटन विभाग द्वारा ताज महोत्सव के आयोजन के लिए प्रस्तावित बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया गया। आयोजन तिथि, स्थल, थीम सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। शिल्पग्राम में जीर्णोद्धार कार्य प्रगतिमान होने के कारण इस बार ताज महोत्सव आई लव आगरा सेल्फी प्वाइंट के बने बड़े मैदान में किया जाएगा। यह आयोजन 18 से 27 फरवरी तक होगा। पहली बार खुले मैदान में हो रहे ताज महोत्सव के आयोजन को भव्य व सफल बनाने के लिए मण्डलायुक्त महोदय ने पर्यटन विभाग को जिलाधिकारी और डीसीपी के साथ स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। वहीं गठित उपसमितियों को भी सक्रिय कर ताज महोत्सव से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की तैयारियां शुरू कराये जाने के निर्देश दिए। ताज महोत्सव स्थल में प्रवेश टिकट की दर यथावत 50 रुपए प्रति व्यक्ति (3 साल से उपर सभी) रखी गयी है। शिल्प मेला के अन्तर्गत लगायी जाने वाली अस्थाई स्टालों की दरों में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। पार्किंग की व्यवस्था कलाकृति मैदान में की जाएगी। सदर बाजार, आई लव आगरा सेल्फी प्वाइंट, ग्यारह सीढ़ी और फतेहपुर सीकरी और बटेश्वर आदि स्थलों पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन होंगे, जिसकी सूची तैयार करने के निर्देश दिए, साथ ही प्रमुखता से बड़े कलाकारों के भी जल्द चयन करने के निर्देश दिए गये। ताज महोत्सव 2026 की थीम निर्धारित करने के लिए मीडिया में विज्ञप्ति जारी कर आमजन से सुझाव मांगे जायेंगे। तत्पश्चात सर्वश्रेष्ठ थीम का चयन किया जाएगा।

# पार्षदों का नगर निगम के सदन में हंगामा

### जांच न होने की स्थिति में नगर निगम प्रांगण में देंगे धरना





एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम के 13वें अधिवेशन में शनिवार को हुई सदन की बैठक के दौरान पार्षदों ने सड़क निर्माण में हुए कथित घोटाले को लेकर खूब हंगामा किया। पार्षदों ने पूरे प्रकरण की जांच करने की मांग की। उन्होंने जांच न होने की स्थिति में नगर निगम प्रांगण में धरना देने की भी बात कही।

बीते दिनों नगर निगम आगरा द्वारा 15 वें वित्त आयोग के फंड से हेमा पेट्रोल पंप से पश्चिमपुरी चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण व डामरीकरण एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने के कार्य में हुई गड़बड़ी की खबर मीडिया में प्रकाशित हुई थी। इस खबर को लेकर पार्षद रवि व पार्षद प्रवीना राजावत ने शनिवार को हुई सदन की बैठक में हंगामा किया। पार्षदों ने कहा कि इस सड़क पर कागजों में वर्ष 2023-24 में कार्य हुआ दिखाया गया है, जबकि चार माह पूर्व ही सड़क के किनारों पर इंटरलॉकिंग के कार्य का उद्घाटन हुआ है। एक ही कार्य को दो-दो बार क्यों किया गया है। पार्षदों ने इस कार्य की जांच कराने की मांग की।सदन की अध्यक्षता कर रहीं महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने पार्षदों को शांत कराते हुए नगरायुक्त अंकित खंडेलवाल से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कमेटी बनाकर सात दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। तब जाकर मामला कुछ शांत हुआ। बैठक में जलकल बिलों पर ब्याज माफी योजना को मंजूरी मिलते ही सदन में हंगामा खड़ा हो गया। प्रस्ताव पेश होते ही कई पार्षदों ने जलकल विभाग की वसूली प्रणाली, पुराने बकाया और नए बिलों के नियमों पर सवाल उठाए। पार्षदों ने खूब हंगामा किया।

यह छूट एकमुश्त योजना के तहत 1 जनवरी से लागू होगी। पार्षदों ने कहा- नए बिलों में पुराने बिलों को न जोड़ा जाए बैठक में वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट को भी हरी झंडी दी गई। आय में मामूली कटौती कर इसे 1590.75 करोड़ रुपए किया गया, जबकि व्यय 1427.05 करोड़ रुपए तय हुआ। जलकल विभाग का बजट बढ़ाकर 152.55 करोड़ रुपए और व्यय 138.85 करोड़ रुपए पर स्वीकृत किया गया। सदस्य राकेश जैन के प्रस्ताव पर बिलों पर ब्याज छूट की योजना पारित हुई, जिससे बकायेदारों को राहत मिलेगी। सदन में हाउस टैक्स और पार्किंग शुल्क बढ़ाने, टोरेंट पावर पर चल रहे बकाया, शहर में कुत्तों, बंदरों और चूहों के नियंत्रण, और अवैध पार्किंग जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, पार्षदों ने शहर में कई अनधिकृत पार्किंग संचालित होने का मुद्दा उठाया और कहा कि इन पर नियंत्रण या संचालकों से रजिस्ट्रेशन शुल्क वसूला जाना चाहिए। बैठक में नामांतरण से जुड़े शासनादेश को भी अनुमोदन मिला।

आईजीआरएस शिकायतों पर सदस्य प्रकाश केशवानी ने कहा कि कई लोग बिना अधिकार के नाली, सड़क और इंटरलॉकिंग जैसी मांगें दर्ज कर रहे हैं, जिन्हें सत्यापित किया जाना जरूरी है नोकझोंक और बहस के बीच महापौर हेमलता दिवाकर ने पार्षदों से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य बजट और नगर निगम के हितों पर चर्चा करना है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि गरिमा बनाए रखते हुए कार्यवाही को आगे बढ़ाया जाए।

# साइबर क्राइम को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

### डिजिटल परिवर्तन के दौर में साइबर सुरक्षा सबसे बड़ी जरूरत : कुलपति




एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कंप्यूटर सेंटर द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत डिजिटल परिवर्तन के युग में साइबर सिक्योरिटी का महत्व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को विवेकानंद (खंदारी) परिसर स्थित जेपी सभागार में किया गया। पुलिस कमिश्नरेट और साइबर सेल के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर आशु रानी थीं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साइबर फ्राड से लेकर साइबर क्राइम तक के प्रति जागरूक कर से स्वयं बचने के साथ अन्य लोगों को भी इससे बचने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय की कुलपति ने विद्यार्थियों से कहा कि डिजिटल साक्षरता आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। तेजी से बदलती तकनीक के बीच साइबर अपराधों से बचाव और ऑनलाइन सुरक्षा को समझना हर छात्र की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। डिजिटल युग में सुरक्षित रहना सिर्फ तकनीकी विषय नहीं, प्रत्येक नागरिक की जागरूकता और सतर्कता पर निर्भर है। उन्होंने विद्यार्थियों को मजबूत पासवर्ड, सुरक्षित ब्राउजिंग और सोशल मीडिया विवेक से प्रयोग करने जैसे उपाय सीखने पर जोर देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय लगातार डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय के कंप्यूटर सेंटर हेड प्रो. अनिल गुप्ता ने बताया कि यह कार्यशाला छात्रों को डेटा गोपनीयता और साइबर सुरक्षा के महत्व से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित की गई। कार्यशाला के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि डिजिटल युग में सुरक्षा और गोपनीयता केवल तकनीक की मुद्दे नहीं बल्कि हर उपयोगकर्ता की साझा जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में मिशन शक्ति की विश्वविद्यालय की नोडल अधिकारी प्रो. अचला गाकर ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि साइबर जागरूकता ही डिजिटल दुनिया में सुरक्षा की सबसे बड़ी कुंजी है।

संचालन डॉ. मीनाक्षी चौधरी ने किया। इस दौरान बीसीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र तन्मय शर्मा और प्रेम त्यागी के साइबर सिक्योरिटी स्टार्टअप का भी विशेष उल्लेख किया गया।कार्यक्रम में प्रो. बृजेश रावत, प्रो. एसके जैन, डॉ. श्यामली गुप्ता, इंजी. सुमित पाठक, इंजी. सोनल पांडे, इंजी नीतू कात्रा, इंजी अनुपमा पारस, इंजी प्रेरणा मेहता व इंजीनियर प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

# सिंगापुर में मनीष राय ने किया भारत का प्रतिनिधित्व

### हजारो बच्चो को शिक्षा से जोड़ने पर मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान




**आगरा (एनएनआई)।** एक पहल बी.आर. मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक मनीष राय को 'काइंडनेस व लीडरशिप-50 लीडिंग लाइट्स एशिया पैसिफिक 2025' सम्मान के लिए चुना गया। सम्मान समारोह सिंगापुर स्थित ब्रिटिश हाई कमिश्नर के आधिकारिक निवास ईडन हॉल में आयोजित हुआ। आयोजक ब्रिटिश हाई कमिश्नर निक मेहता और वूमेन ऑफ द फ्यूचर प्रोग्राम की संस्थापक पिंकी लिलानी ने बताया कि एशिया से विभिन्न देशो से चुनिंदा 50 समाजसेवी और नवप्रवर्तकों को यह सम्मान सकारात्मक सामाजिक बदलाव के लिए दिया जाता है। भारत से एक पहल पाठशाला से हजारो बच्चो की जिंदगी को शिक्षा से रोशन करने के लिए मनीष राय को चुना गया है। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मनीष राय ने कहा कि यह उपलब्धि सभी बच्चों, महिलाओं, स्वयंसेवकों और समर्थकों की है जिन्होंने एक पहल को मजबूती दी। जो 2009 में एक छोटी कक्षा से शुरू होकर आज शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, प्रौढ़ शिक्षा, कौशल विकास और मासिक धर्म स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में प्रभावी अभियानों तक विस्तारित हो चुकी है।

# सांसारिक दुखों से मुक्ति चाहिए तो श्रीहरि से करें मित्रता

## श्रीमद्भागवत कथा में अंतिम दिन हुआ कंस वध और सुदामा चरित्र का वर्णन

एनएनआई



**आगरा।** सांसारिक दुखों से मुक्ति चाहिए तो श्रीहरि से मित्रता करिए। सच्चा मित्र वही है जो अपने मित्र को विपत्ति में साथ दे। उसे अपने से नीचा रखने के बजाय समकक्ष बनाने का प्रयास करें। बोदला, महारानी बाग में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन व्यासपीठ पर विराजमान भगवताचार्य दिनेश दीक्षित जी ने सुदामा चरित्र का वर्णन किया। कहा कि मित्रता का अर्थ स्वार्थ नहीं बल्कि सहयोग और समर्पण होना चाहिए। सच्ची मित्रता हमें प्रभु के चरणों में ही मिल सकती है। सुदामा के द्वारिका से लौटने पर अपनी कुटिया के स्थान पर खड़े ऊंचे महल देखकर वह डर गए। श्रीकृष्ण के रुक्मणी, सत्यभामा, जामवती सहित सभी 16108 विवाह और रानियों की कथा का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। बृज की गोपियां, नन्द बाबा, यशोदा का कुरुक्षेत्र में सूर्यग्रहण के समय स्नान करने पहुंचने पर हुए मिलन की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। राजा परीक्षित की मोक्ष प्राप्ति की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि कथा के प्रत्येक स्कंध में जीवन, धर्म, भक्ति, सृष्टि और भगवान विष्णु के दिव्य अवतारों का वर्णन सुनकर राजा परीक्षित का मन पूर्णतः निर्मल होता गया। सातवें दिन तक्षक नाग के दंश से राजा का देहावसान हुआ, किंतु शुकदेवजी के वचनों की अमृतवर्षा के कारण राजा परीक्षित ने बिना भय, बिना मोह के परम सत्य को प्राप्त किया। भागवत संकेत देती है कि श्रद्धा, भक्ति और ज्ञान–इन तीनों के संगम से मनुष्य जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति पा सकता है। कथा में सारिका अग्रवाल सुदामा,शिवानी कटारा कृष्ण और सलोनी रुक्मणी के स्वरूप में पहुंची। अंत में आरती कर सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से आयोजन समिति के डॉ. जीएस राणा, डॉ. अरुण प्रताप सिंह, महेशचंद, राजरानी, रीना कुशवाह, शीला बहल, नीता टंडन, यादराम सिंह, सचिन सोलंकी, शोबा गोयल आदि उपस्थित थीं।

# श्री श्याम भक्त मंडल समिति ने किया निर्धन कन्या का विवाह




**आगरा (एनएनआई)।** श्री श्याम भक्त मंडल समिति के द्वारा शनिवार को ओम वाटिका में निर्धन कन्या का विवाह किया गया। श्याम भक्त मंडल समिति के द्वारा यह पहली बार एक निर्धन कन्या का विवाह के द्वारा किया गया समिति ने विवाह में घरेलू सामान अलमारी पलंग फ्रीज वाशिंग मशीन पायल अंगूठी आदि भेंट की समिति के अध्यक्ष ब्रजराज सिकरवार ने बताया है कि कुछ महीना पहले एक गरीब व्यक्ति जो ठेला लगाने का काम करता है हमारे पास आया और उन्होंने कहा की एक मेरी बेटी है जिसका विवाह होना है मेरे पास कुछ नहीं है आप लोगों के द्वारा मेरी बेटी का विवाह हो जाए समिति ने निर्णय लिया और उसे बेटी का विवाह कल किया गया कल समिति के लोगों उन दोनों को दांपत्य सूत्र में बंधन की शुभकामनाएं दी

# कर्म प्रधान है, विचारों का संतुलन ही जीवन का सार

## श्रीमद्भगवत गीता व्याख्यान माला में विचारों को नियंत्रित करने का सुझाया उपाय

एनएनआई



**आगरा।** शनिवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद परिसर (खंदारी) स्थित स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज में विश्वविद्यालय के इतिहास एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित श्रीमद्भगवत गीता व्याख्यान माला के अंतर्गत आज एक और अत्यंत प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में इस्कॉन आगरा के प्रवक्ता अरविंद स्वरूप प्रभु ने मनुष्य अपने विचारों को संतुलित रखकर जीवन के निर्धारित उद्देश्यों को कैसे प्राप्त कर सकता है, पर भगवत गीता के श्लोकों के माध्यम से गहन प्रकाश डाला। श्री अरविंद स्वरूप प्रभु ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि भगवत गीता में कर्म को सर्वोपरि स्थान दिया गया है। कर्म ही वह माध्यम है जिसके द्वारा व्यक्ति अपने चंचल मन और विचारों को संयमित कर सही दिशा दे सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निष्काम कर्मयोग ही जीवन की वास्तविक सफलता का मार्ग है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि बुद्धिमान व्यक्ति अपनी गलतियों से सीखता है और जो भी कर्म कर रहा है, उसे पूर्ण स्वीकार्यता के साथ करता है। यह स्वीकारोक्ति ही अंततः उसे मुक्ति की ओर ले जाती है। कार्यक्रम में प्रो. भूपेंद्र स्वरूप शर्मा ने कहा कि आज का युवा वर्ग भगवत गीता को केवल धार्मिक ग्रंथ न समझे, बल्कि इसे जीवन दर्शन के रूप में आत्मसात करे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर बी.डी. शुक्ला ने किया। उन्होंने बताया कि यह व्याख्यान माला आगे भी जारी रहेगी और विश्वविद्यालय के अन्य संकायों-विभागों के छात्र-छात्राओं के लिए खुली रहेगी, ताकि अधिक से अधिक युवा गीता के अमर संदेशों से जुड़ सकें और अपने जीवन को सार्थक बना सकें। कार्यक्रम में डॉ. सुरभि महाजन, डॉ. अंकुर गुप्ता, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. पूर्ति चतुर्वेदी, उदिता तिवारी, डॉ. अनामिका उपाध्याय सहित छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# आगरा फार्मा एसोसिएशन के चुनाव 29 दिसम्बर को

**आगरा (एनएनआई)।** आगरा फार्मा एसोसिएशन के चुनाव 29 दिसंबर दिन सोमवार को होंगे। मीडिया प्रभारी सुंदरलाल चेतवानी ने बताया कि एसोसिएशन में लगभग 1250 सदस्य हैं और इसमें 5 पदों अध्यक्ष,वरिष्ठ उपाध्यक्ष,महामंत्री, कोषाध्यक्ष एवं संगठन मंत्री पर चुनाव कराया जाएगा श्री नीतेश अग्रवाल को चुनाव अधिकारी और प्रवीण गुप्ता एवं मुकेश गर्ग को उप चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है 11 से 14 दिसंबर तक नामांकन कर सकते हैं, 16 को नामांकन की जांच की जाएगी और 18 को नामांकन वापिसी कर सकते हैं 19 दिसंबर को फाइनल लिस्ट जारी कर दी जायेगी।

# वैवाहिक वर्षगांठ पर महिला बंदियों को बांटे कंबल

## समाजसेवी विजय यादव ने सेवा भाव से मनाई वर्षगांठ

एनएनआई



**आगरा।** अपनी शादी की सालगिरह के अवसर पर विजय यादव ने जिला जेल में निरुद्ध महिला पुरुष बंदियों को परिवार सहित कंबल वितरित किए। जिला जेल अधीक्षक हरिओम शर्मा के निर्देशन में विजय यादव ने धर्मपत्नी प्रमिला यादव के साथ मिलकर जेल में बंद कैदियों से मुलाकात की और उन्हें कंबल भी वितरित किए। विजय यादव की माँ वीना देवी ने भी बेटे और बहु की इस नेक सोच की सराहना की और एक अच्छी पहल बताया। विजय यादव के भाई और प्रधान जामपुर बॉबी यादव ने भी भाई की इस नेक सोच में उनका साथ दिया। बॉबी यादव का कहना था कि विजय ने आज अपनी शादी की वर्षगांठ पर जरूरतमंद लोगों की मदद की है और पहले भी इस तरह के कार्य कर चुके हैं। विजय यादव ने कुछ वर्ष पहले अपने बेटे माधव के जन्मदिवस पर जेल में जुर्माने की रकम के अभाव में बंद दर्जनों कैदियों को छुड़ाया था। जेल अधीक्षक हरिओम शर्मा ने भी विजय यादव के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य की सराहना की।




# मांगों को लेकर आरबीएस कॉलेज के सामने शांतिपूर्ण प्रदर्शन जारी

एनएनआई



**आगरा।** आरबीएस एजुकेशनल सोसाइटी में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोपों को लेकर शुरू हुआ बेमियादी धरना शनिवार को दूसरे दिन भी पूरी मजबूती के साथ जारी रहा। सुबह से ही कॉलेज के मुख्य गेट पर क्षेत्रीय लोगों का जुटना शुरू हो गया। प्रदर्शनकारियों ने अपनी 12 सूत्रीय मांगों के समर्थन में कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारे लगाते हुए आंदोलन को तेज रखा।

धरना स्थल पर महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी ने माहौल को लगातार ऊर्जा से भरा बनाए रखा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक सोसाइटी की निष्पक्ष ऑडिट, हटाए गए कर्मचारियों की बहाली सहित अन्य मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन वापस नहीं लिया जाएगा। उधर, पुलिस प्रशासन धरना स्थल पर कड़ी निगरानी बनाए हुए है। एसीपी लोहामंडी गौरव सिंह ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और धारा 144 का हवाला देते हुए टेंट या किसी भी प्रकार की स्थायी संरचना लगाने की अनुमति नहीं दी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की। धरना स्थल पर पूर्व प्रधान लड़ामदा ठाकुर कृपाल सिंह, पूर्व प्रधान कृष्णवीर सिंह सोलंकी, भरत सिंह सोलंकी, प्रदीप राणा सहित अनेक क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।



# प्रताप पब्लिक स्कूल के छात्रों का वृंदावन शैक्षणिक दौरा

एनएनआई

**आगरा।** सिकंदरा स्थित प्रताप पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शनिवार को धार्मिक व शैक्षिक यात्रा के तहत वृंदावन का पिकनिक टूर किया। सुबह विद्यालय परिसर से रवाना हुई बसों में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। शिक्षक व विद्यालय प्रबंधन के निर्देशन में छात्र-छात्राएँ सबसे पहले पहुँचे रमणरेती, जहाँ बच्चों ने रेत में खेलकर आध्यात्मिक शांति और प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव किया।

इसके बाद सभी बच्चे दाऊजी मंदिर पहुँचे। यहाँ उन्होंने भगवान दाऊजी के दर्शन किए और मंदिर परिसर में धार्मिक इतिहास व मान्यताओं के बारे में शिक्षकों से जानकारी प्राप्त की। पूरी यात्रा के दौरान बच्चों ने भजनझकीर्तन, मनोरंजक खेल और समूह गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। शिक्षकों ने बताया कि इस तरह की यात्राएँ बच्चों को भारतीय संस्कृति और धार्मिक धरोहर से जोड़ने के साथ-साथ टीमवर्क और सामाजिक व्यवहार भी विकसित करती हैं। प्रताप पब्लिक स्कूल के निदेशक यतेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि भविष्य में भी छात्रों के लिए ऐसी शिक्षाप्रद और मनोरंजक यात्राएं आयोजित की जाती रहेंगी।

# टीका उत्सव में आएं और जानलेवा बीमारियों से बचाव को लगेंगे टीके

- टीकाकरण जानलेवा बीमारियों से बचाव की कुंजी- सीएमओ
- जनपद में 01 से 31 दिसंबर तक मनाया जाएगा टीका उत्सव
- छूटे हुए बच्चों को टीका लगवाने के लिए किया जाएगा प्रेरित

**आगरा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिसंबर माह में टीका उत्सव मनाया जाएगा। एक से 31 दिसंबर तक मनाए जाने वाले टीका उत्सव में नियमित टीकाकरण में छूटे हुए बच्चों को टीके लगाए जाएंगे। इसके लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि इस टीका उत्सव में सभी लोग बढ़-चढ़कर भाग लें और एक स्वस्थ समाज और अपने बच्चों को स्वस्थ बनाने के लिए टीकाकरण कराएं। सीएमओ ने कहा कि अपने आसपास ऐसे बच्चों को चिन्हित करें, जो टीकाकरण से छूट गए हैं, उनके अभिभावकों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित करें। टीकाकरण कई गंभीर व जानलेवा बीमारियों से बचाव की कुंजी है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. उपेंद्र कुमार ने बताया कि टीका उत्सव के दौरान 49371 पेंटावैलेंट-1, 42688 एमआर-1 और 55184 एमआर-2 छूटे हुए बच्चों को टीके लगाने का लक्ष्य रखा गया है। टीका उत्सव में नियमित टीकाकरण संत्रों पर छूटे हुए बच्चों को टीके लगाकर आच्छादित किया जाएगा। सभी आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में एक विशेष लिस्ट बनाएंगी, जिसमें छूटे हुए बच्चों को अंकित किया जाएगा। सत्र से एक दिन पहले आशा व आंगवाड़ी कार्यकर्ता बुलावा पर्ची भेजेंगी और सत्र स्थल पर लाकर छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण कराएंगी। इसके साथ ही आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में महिला आरोग्य समिति की बैठक आयोजित करेंगी, जिसमें उन माताओं और अभिभावकों को बुलाया जाएगा, जिनके बच्चे किसी न किसी टीके से वंचित हैं। इस बैठक में अभिभावकों को पूर्ण टीकाकरण के लाभ से अवगत कराया जाएगा और अपने बच्चों को टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।



# संवेदनशील हृदय की सफल यात्रा का प्रमुख दस्तावेज होती हैं काव्य कृतियां

**आगरा एनएनआई।** देवनागरी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था आगरा के तत्वावधान में निखिल बुक कैफे भावना मल्टीप्लैक्स आगरा पर डॉ.सुकेशिनी दीक्षित द्वारा रचित काव्य संग्रह "शब्दों का समय पथ" का लोकार्पण और काव्य-समारोह मंचासीन अतिथि प्रो.उमापति दीक्षित, डॉ.राजेन्द्र मिलन, राज बहादुर राज, डॉ.अशोक अश्रु विद्यासागर, ब्रज बिहारी लाल बिरजू के कर कमलों द्वारा बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। समारोह में हिंदी के कवि, लेखक, साहित्यकार, शिक्षाविद्, शोधार्थियों और शहर के गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे।

# अवधपुरी में पद्मप्रभु जिनालय में शिखर गुम्मद का हुआ शिलान्यास

एनएनआई



**आगरा।** श्री पद्मप्रभु जिनालय अवधपुरी में शिखर गुम्मद के शिलान्यास का मंगल अवसर बड़ी श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। मन्दिर विकास की इस पावन प्रक्रिया को मुख्य ट्रस्टी इंद्रप्रकाश जैन एवं करुणा जैन के सान्निध्य में समिति अध्यक्ष प्रवीन जैन,महामंत्री विवेक जैन,नरेंद्र जैन,पुष्पा जैन और रीता जैन ने विधिवत सम्पन्न कराया।शिलान्यास समारोह के दौरान मंत्रोच्चार और पारम्परिक विधि-विधान से पूरे परिसर में आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त रहा। समुदाय के वरिष्ठजनों, महिलाओं और युवाओं ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लेकर भविष्य में भव्य शिखर निर्माण की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं।जिनालय परिवार ने बताया कि यह शिखर गुम्मद निर्माण मंदिर के सौंदर्य, वैभव और आध्यात्मिक ऊर्जा को और अधिक बढ़ाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी पदाधिकारियों और भक्तों का विशेष योगदान रहा। सभी सहभागी श्रावक-श्राविकाओं के पुण्य की हर्षपूर्वक अनुमोदना की गई और आगामी धार्मिक योजनाओं के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं।

# टोरंट पॉवर के शिविर में 202 यूनिट रक्तदान

एनएनआई



**आगरा।** शहर में निर्बाध विद्युत सप्लाई करने वाली टोरंट पॉवर लिमिटेड द्वारा सामाजिक कार्यों का निर्वाहन करते हुए शनिवार को विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। टोरंट पॉवर के कार्यालय में लगाए गए इस शिविर में 202 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया। उक्त रक्त जरूरतमंदों की जीवन रक्षा के लिए साझेदार ब्लड बैंकों को सौंपा गया।

टोरंट पॉवर द्वारा अपनी कारपोरेट सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए शनिवार को अपने कार्यालय पर रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में बड़े पैमाने पर टोरंट पॉवर के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा रक्तदान किया गया। टोरंट पॉवर के प्रवक्ता ने बताया कि शिविर में कुल 202 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया। उक्त रक्त जरूरतमंद रोगियों की जीवन रक्षा के लिए साझेदार रक्त बैंकों के सुपुर्द किया गया है। इसके अलावा शिविर में टोरंट कर्मचारियों को सीपीआर और बेसिक लाइफ सपोर्ट बीएलसी की भी ट्रेनिंग दी गई। टोरंट पावर के प्रवक्ता ने बताया कि टोरंट पावर 24 घंटे बिजली आपूर्ति के संकल्प के साथ ही स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामुदायिक विकास के हित में पूरे साल कार्यक्रम आयोजित करती है। भविष्य में भी जनहित के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# हार्ट अटैक के इलाज को बाह सीएचसी तैयार

## जान बचाने को मुफ्त लगेगा 40 हजार रुपये का इंजेक्शन

एनएनआई

**बाह।** आगरा जनपद में यमुना, उटंगन और चंबल के बीहड़ से घिरी सर्वाधिक दूरस्थ (75 से 95 किमी) तहसील बाह के लोगों के लिए राहत भरी खबर ये है कि बाह सीएचसी हार्ट अटैक के इलाज के लिए तैयार हो गई है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद कुशवाह ने बताया कि इमरजेंसी वार्ड में हार्ट अटैक के मरीजों के लिए एक बेड रिजर्व किया गया है। ईसीजी मशीन उपलब्ध है, जरूरी दवाई और इंजेक्शन भी उपलब्ध हैं, जान बचाने के लिए मुफ्त लगाए जाने वाला 40 हजार रुपये का इंजेक्शन भी 3-4 दिन में उपलब्ध हो जाएगा। उन्होंने बताया कि शनिवार को बाह सीएचसी के स्टाफ के साथ आशाओं को हार्ट अटैक के लक्षण एवं उपचार को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें बताया गया कि सीने में तेज दर्द होने, सीने से उठे दर्द के हाथों तक फैलने या जबड़े की तरफ बढ़ने, दर्द के साथ घबराहट होने एवं तेज पसीना आना हार्ट अटैक के लक्षण हैं। ऐसे मरीजों को आशाएं गांव से सीएचसी लाएंगी। सीएचसी का स्टाफ ये लक्षण दिखने पर इमरजेंसी वार्ड के रिजर्व बेड पर ले जाएंगे।



मरीज के बेड पर पहुंचने पर ईसीजी करेंगे, जिससे पता चल सकेगा कि मरीज को हार्ट अटैक पड़ा है या नहीं? ईसीजी रिपोर्ट एसएन मेडीकल कॉलेज आगरा के विशेषज्ञों के बने व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजेंगे। विशेषज्ञ ईसीजी को देखने के बाद प्राथमिक उपचार और खून का थक्का खोलने के लिए 40 हजार रुपये का इंजेक्शन लगाए जाने या न लगाए जाने के बारे में बताएंगे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सीएचसी पर इलाज की सुविधा से जिला मुख्यालय तक मरीजों को ले जाने में पैदा होने वाला जान का जोखिम कम हो जाएगा। प्रशिक्षण में डॉ. जेआर गौतम, फार्मासिस्ट मनोज शर्मा, बीसीपीएम धीरज सविता, अजय सविता, नर्सिंग स्टाफ और आशाएं शामिल रहीं।

## जयपुर हाईवे पर ट्रक ने मजदूर को रौंदा, मौत



**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। सीकरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आगरा-जयपुर हाईवे पर गल्ला मंडी के निकट एक दर्दनाक हादसा हो गया। सड़क पार कर रहे एक मजदूर को भरतपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान दर्शन सिंह (35 वर्ष) पुत्र हरि सिंह निवासी गांव ऊंदेरा के रूप में हुई है। जो गांव से किसी काम से सीकरी आया था। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने तुरंत सीकरी पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को हिरासत में लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पुलिस फरार चालक की तलाश मै जुटी है।

## पुलिस आयुक्त आगरा ने किया दूधाधारी पुलिस चौकी का उद्घाटन



एनएनआई

**खेरागढ़।** दूधाधारी और आसपास के क्षेत्रवासियों के लिए ऐतिहासिक क्षण रहा जब पुलिस आयुक्त आगरा दीपक कुमार ने फीता काट कर नव-निर्मित चौकी दूधाधारी का उद्घाटन किया। इससे क्षेत्र की जनता में लूट-पाट की घटना कम होने और शान्ति और आपसी सहयोग की भावना से रहने की आशा बढ़ी।

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ने सर्वप्रथम चौकी का निरीक्षण किया और उसके बाद पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किये गये उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य के लिए उन्हें पुरुष्कृत कर उनका उत्साह-वर्धन किया। पुलिस आयुक्त ने क्षेत्रवासियों को सम्बोधित करते हुए उन्हें नियमों का पालन करने की सलाह दी और कानून का पालन करवाने वाले अधिकारियों की बात मानने को कहा। उन्होंने लोगों को यह भी समझाया की हमें अपने माता-पिता की संपत्ति से अधिक उनकी सेवा की चिंता करनी चाहिए। इस अवसर पर डी सी पी (वेस्ट) अतुल शर्मा, डी सी पी ट्रेफिक सोनम कुमार, ए सी पी हरिपर्वत अक्षय मोड़क, डी सी पी सिटी सैयद अली अब्बास, ए सी पी इमरान अहमद, ए सी पी खेरागढ़ प्रीता सिंह, थाना प्रभारी जगनेर सुभाष चंद्र, थाना प्रभारी खेरागढ़ मदन सिंह, चौकी प्रभारी दूधाधारी नीरज कुमार और सम्मानित पत्रकार, ग्राम पंचायत प्रधान और जन प्रतिनिधि और क्षेत्रावासी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री निराश्रित गौवंश सहभागिता योजना में अनियमितताओं की शिकायत

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। मुख्यमंत्री निराश्रित गौवंश सहभागिता योजना में अनियमितताओं को लेकर एक स्थानीय निवासी रवि राजपूत द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से जिलाधिकारी आगरा को प्रार्थना पत्र देकर जांच की मांग की है।

शिकायत मै आरोप लगाया है कि विकासखंड सीकरी में योजना से जुड़े कुछ लाभार्थियों के नाम कथित रूप से फर्जी तरीके से जोड़े जा रहे हैं और योजना की धनराशि भी वास्तविक पात्र व्यक्तियों तक नहीं पहुंच रही है।

शिकायतपत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि कुछ ऐसे लोगों के नाम भी सूची में शामिल किए गए हैं जिनके पास कोई पशु नहीं है, फिर भी उन्हें योजना का लाभ दिखाया जा रहा है।

## बार के सचिव के साथ अभद्रता पर एसडीएम से की शिकायत

**बाह** एनएनआई। बार एसोसिएशन बाह के सचिव सुशील भदौरिया के साथ शुक्रवार को तहसील के कम्प्यूटर ऑपरेटर के द्वारा अभद्रता किए जाने का मामला तूल पकड़ गया। शनिवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिओम पांडेय के नेतृत्व में वकील एसडीएम संतोष कुमार शुक्ल से मिले और कम्प्यूटर ऑपरेटर पर बार के सचिव से



अभद्रता का आरोप लगा कर कार्यवाही किए जाने की मांग की। उन्होंने एसडीएम को बताया कि इससे पहले 19 सितंबर को आशीष पिप्पल ने डीएम से शिकायत की थी। कम्प्यूटर ऑपरेटर पर अधिवक्ता ध्रुव पाराशर, राजकिशोर गुर्जर, राम कुमार परिहार, अनुराग उपाध्याय, शिवम उपाध्याय एवं मुंशी हरीश चन्द्र जाटव के साथ अभद्रता किए जाने का आरोप लगाया।

एसडीएम ने तहसीलदार से जांच आख्या तलब की है। जांच आख्या के आधार पर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इस दौरान उमाशंकर उपाध्याय, प्रेम सिंह यादव, मनोज पचौरी, राजकिशोर शर्मा, अखिल प्रताप सिंह आदि रहे।

## प्रभारी मंत्री नें किया मार्ग शीर्ष मेले का उद्धघाटन

एनएनआई

**कासगंज।** तीर्थनगरी के पौराणिक ऐतिहासिक मार्गशीर्ष मेले अमृत कुंभ का आज सायं वैदिक मंत्रोच्चार, हवन पूजन, महाआरती के साथ शुभारंभ हो गया। कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा फीता काटकर मेला का शुभारंभ किया गया। इस दौरान लेजर शो और आतिशबाजी भी हुई। सजधज के साथ हरि की पौड़ी का अद्भुत नजारा नजर आ रहा था।



मेले का उद्घाटन करने से पहले मंत्री ने मां गंगा की महाआरती में हिस्सा लिया। क्षेत्राधीश भगवान वराह के दर्शन कर पूजन किया उन्होंने कहा सोरों तीर्थ की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक परंपरा पूरे प्रदेश की धरोहर है। सरकार मेले को सुचारु, सुरक्षित और भव्य रूप से आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यहां की सुविधाओं को लगातार बेहतर किया जाएगा।

सदर विधायक ने कहा यह तीर्थनगरी का धार्मिक मेला है यह मेला सांस्कृतिक धरोहर है मेला के माध्यम से विभिन्न सस्कृतियों का मिलन होता है। उन्होंने कहा पूर्वजनों की अस्थियां विसर्जन करने यहां दूर-दूर से लोग आते हैं। विधान परिषद सदस्य रजनीकांत महेश्वरी ने कहा चारों तरफ भोले बाबा का आशीर्वाद है ना तेरा है ना मेरा है यह सभी सोरों का है। नगर पालिका अध्यक्ष सोरों रामेश्वर दयाल मेहरे ने कहा भगवान बारह यहां नहीं होते तो हम और आप लोग यहां नहीं होते बारह भगवान नहीं होते पृथ्वी नहीं होती।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रणय सिंह, एसपी अंकिता शर्मा, एएसपी सुशील कुमार, एसडीएम संजीव सदर विधायक देवेंद्र सिंह लोधी, विधायक हरिओम वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे, अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र कुमार गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी एवं भाजपा नेता सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## छोटे सिलिंडर की आग से चाय का खोखा जला, दमकल ने बुझाई आग

एनएनआई

**बाह।** भाऊपुरा के पेट्रोलपंप के पास रखे चाय के खोखे में शुक्रवार देर शाम 7.30 बजे छोटे सिलिंडर के पाइप से गैस रिसाव के चलते आग लग गई। कोई कुछ समझ पाता, उससे पहले ही लकड़ी के खोखे से आग की लपटें उठने लगी। भगदड़ और चीख पुकार के बीच सूचना पर बाह से पहुंची फायर ब्रिगेड ने करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग बुझने तक गैस सिलिंडर नहीं फटा, वरना बड़ा हादसा हो जाता। आग लगने से खोखे में रखा परचून का सामान जल कर नष्ट हो गया। गुंगावली के हरिओम चाय की दुकान से अपनी गुजर बसर कर रहे थे।




आग में सारा सामान जलने से उनके सामने फिर से दुकान के संचालन की चुनौती खड़ी हो गई है। उन्होंने नुकसान के आंकलन और मुआवजे की मांग प्रशासन से की है।

## संपादकीय

# नए सभापति, नए नियम आलोचना के लिए जगह नहीं

देश के नए उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन जगदीप धनखड़ के उप राष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा देने के बाद उप राष्ट्रपति चुने गए हैं। उसके बाद संसद का पहला सत्र एक दिसंबर से शुरू हो रहा है। राधाकृष्णन पहली बार राज्यसभा के सभापति के नाते उच्च सदन का संचालन करेंगे। इससे पहले उप राष्ट्रपति ने सभी पार्टियों के नेताओं से मुलाकात की। ऐसा लग रहा था कि राधाकृष्णन सबको भरोसे में लेकर उच्च सदन की कार्यवाही का संचालन करना चाहते हैं लेकिन संसद का सत्र शुरू होने से पहले राज्यसभा का नया बुलेटिन आया है, जिसमें नए नियम बनाए गए हैं। ऐसा लग रहा है कि इन नियमों के कारण टकराव बढ़ेगा। उनकी अध्यक्षता में राज्यसभा कैसे काम करती है यह देखने वाली



बात होगी क्योंकि पिछले कुछ समय से दोनों सदनों में पक्ष और विपक्ष के बीच बहुत गहरा गतिरोध बन रहा है, जिसका असर कार्यवाही पर पड़ता है। राज्यसभा के बुलेटिन के मुताबिक अब सदस्य सभापति के रूलिंग की आलोचना नहीं कर पाएंगे। इसमें कहा गया है कि सभापति ने अगर कोई रूलिंग दी है तो सदस्य सदन के अंदर या बाहर भी उसकी आलोचना नहीं कर सकेंगे। विपक्षी पार्टियां इस पर नाराज हैं। उनको लग रहा है कि विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास है। यदि सदस्यों ने काम रोको प्रस्ताव दिया या किसी अन्य नियम के तहत चर्चा का प्रस्ताव दिया और सभापति ने उसे खारिज कर दिया तो सासंद इस पर सवाल नहीं उठा पाएंगे, वे इसकी आलोचना नहीं कर पाएंगे। पहले भी आमतौर पर आसन की रूलिंग बदलती नहीं थी लेकिन कम से कम सांसदों को उस पर सवाल उठाने का अधिकार था। बहरहाल, राज्यसभा बुलेटिन में कहा गया है कि सदन की कार्यवाही के दौरान सदस्य थैंक्यू, जय हिंद, वंदे मातरम जैसे नारे नहीं लगाएंगे। इसके अलावा भी कई नए नियम बनाए गए हैं, जो संसद के शीतकालीन सत्र में लागू होंगे। आलोचना और वाद-विवाद संसदीय परंपरा का हिस्सा हैं। जब तक कि आलोचना पूर्वाग्रह से ग्रसित या व्यक्तिगत न हो, तब तक उसका स्वागत किया जाना चाहिए। यही भाव देश की दूसरी संवैधानिक संस्थाओं को लेकर भी है, मसलन-अदालत के फैसले को चुनौती दी जा सकती है। फैसलों से असहमति जताई जा सकती है और उनके खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील की जा सकती है। आलोचना और असहमति की आजादी के बिना यह संभव न होता। लेकिन सदन में विपक्ष से तनाव न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है। चुनावी राजनीतिक व्यवस्था में विपक्ष से हर बात पर सहमति की उम्मीद करना बेमानी है। फिर अभी देश का जैसा सियासी माहौल है, उसमें सदन के भीतर और बाहर टकराव आम है। पिछले कई उदाहरण हैं, जहां विपक्ष और चेयर के बीच तनाव भरे रिश्ते देखने को मिले। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदड़ धनखड़ के कार्यकाल में तो यह तनाव बिल्कुल चरम पर था। लोकतंत्र में कोई भी आलोचना के परे नहीं कहा जा सकता। यह तो बेहतरी का जरिया है। राज्यसभा बुलेटिन से ऐसा भी लग सकता है कि सांसदों की अभिव्यक्ति की आजादी पर अंकुश लगाया जा रहा है, जिसका संदेश अच्छा नहीं जाएगा। बिहार विधानसभा चुनाव में मात खाया विपक्ष अब एसआईआर को लेकर आक्रामक होगा। इससे विपक्षी एकता को भी बल मिलेगा। इस प्रकार शीतकालीन सत्र सरकार और विपक्ष के संबंधों की नई आजमाइश साबित होने वाली है। चूंकि उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के लिए यह पहला सत्र है। इसलिए उन्हें चौकन्ना रहना होगा। वैसे भी बीते मॉनसून सत्र का अनुभव अच्छा नहीं था। इस बार भी एसआईआर का मुद्दा गरम है। लिहाजा राधाकृष्णन के सामने संतुलन बनाने की चुनौती होगी।अभिव्यक्ति या आलोचना का अधिकार भी कुछ सीमाओं के साथ लागू होता है। इसलिए इन्हें पहचानने और मानने की दरकार है, ताकि स्वस्थ आलोचनात्मक परंपरा फलती फूलती रहे।सदन के कामकाज को सुचारू ढंग से चलाने के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष को अपनी नकारात्मक अतीत से सबक लेकर सकारात्मक दृष्टांत प्रस्तुत करना चाहिए। इसे जनहित के विषय पर स्वस्थ बहस का मंच बने रहने देना चाहिए। राजनेताओं को यह समझ लेना चाहिए कि उनकी सियासत तो होती रहेगी, लेकिन इस क्रम में जो अनैतिक परंपराएं विधायिका के ऊपर हावी होती चली जा रही हैं, उसे रोकने की प्राथमिक जिम्मेदारी सांसदों पर ही है।

---

**डब्ल्यूएचओ के अनुसार बांझपन की चुनौती से दीर्घकालिक सफलता केवल उपचार से नहीं, बल्कि समय पर रोकथाम से हासिल होगी। दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि युवाओं को शुरूआती उम्र से ही प्रजनन स्वास्थ्य की जानकारी दी जानी चाहिए, ताकि गलत धारणाओं और सामाजिक कलंक को कम किया जा सके।**



# चिंताजनकः बांझपन गंभीर वैश्विक समस्या हर छह में से एक व्यक्ति प्रभावित

## डब्लयूएचओ ने जारी किए नए दिशानिर्देश

वैश्विक स्तर पर बांझपन को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकता का दर्जा देते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इतिहास में पहली बार बांझपन की रोकथाम, पहचान और उपचार के लिए व्यापक वैश्विक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर देश में प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं सुरक्षित, किफायती, न्यायसंगत और सभी के लिए सुलभ हों।

संगठन के अनुसार बांझपन दुनिया की लगभग प्रजनन आयु के हर छठे व्यक्ति को प्रभावित करता है, फिर भी अधिकतर देशों में यह अभी भी व्यक्तिगत समस्या की तरह देखा जाता है व उपचार की लागत अत्यधिक महंगी है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने कहा कि इस गाइडलाइन में 40 सिफारिशें की गईं हैं।

नए दिशा-निर्देश बांझपन की पहचान, रोकथाम व उपचार की तीन-स्तरीय प्रक्रिया को मजबूत बनाने पर केंद्रित हैं। इसके मुख्य बिंदु हर चरण पर किफायती और प्रमाण-आधारित विकल्प, प्रजनन सेवाओं को राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीतियों और हेल्थ इंश्योरेंस ढांचे में शामिल करना, पुरुष और महिला दोनों की बराबर जांच, मरीज-केंद्रित चरणबद्ध निर्णय और साधारण परामर्श से



लेकर आईयूआई आईवीएफ तक शामिल किए गए हैं।

**प्रजनन स्वास्थ्य की जानकारी पर जोर**

डब्ल्यूएचओ के अनुसार बांझपन की चुनौती से दीर्घकालिक सफलता केवल उपचार से नहीं, बल्कि समय पर रोकथाम से हासिल होगी। दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि युवाओं को शुरूआती उम्र से ही प्रजनन स्वास्थ्य की जानकारी दी जानी चाहिए, ताकि गलत धारणाओं और सामाजिक कलंक को कम किया जा सके। स्कूल स्तर पर प्रजनन और बांझपन से संबंधित शिक्षा शामिल करने, यौन संचारित संक्रमण (एसटीआई) का समय पर उपचार सुनिश्चित करने और धूम्रपान से दूरी, संतुलित भोजन तथा नियमित शारीरिक गतिविधि जैसी स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने को रोकथाम का मुख्य आधार बताया गया है। इन उपायों से भविष्य में कई दंपतियों को बांझपन के जोखिम से बचाया जा सकता है।

**गहरा भावनात्मक संघर्ष से उबारने की कवायद**

डब्ल्यूएचओ ने यह भी स्पष्ट किया कि बांझपन से जूझ रहे लोगों में अवसाद, चिंता, आत्मग्लानि और सामाजिक अलगाव की संभावना अधिक होती है, इसलिए मानसिक स्वास्थ्य सहयोग को प्रजनन सेवाओं का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

**भारत में उपचार की लागत अब भी ज्यादा**

भारत दुनिया में आईवीएफ बाजार के सबसे तेजी से बढ़ते देशों में शामिल है, लेकिन उपचार की लागत अभी भी 80,000 से 3,00,000 रुपए प्रति चक्र और 70% खर्च जेब से करना पड़ता है। ग्रामीण और निम्न-आय वर्ग के दंपतियों के लिए यह लगभग असंभव है। नई गाइडलाइन भारत के लिए तीन संभावित बदलावों का संकेत देती है। प्रजनन सेवाओं को आयुष्मान भारत और राज्य स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में शामिल किया जा सकता है। सार्वजनिक अस्पतालों में विशेष प्रजनन इकाइयां विकसित की जा सकती हैं। स्कूल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रजनन शिक्षा और जीवनशैली परामर्श जोड़ा जा सकता है।...

# 'तेरे इश्क में' का जोरदार प्रदर्शन जारी

### दूसरे दिन भी मजबूत कमाई, तोड़ा 10 साल पुराना रिकॉर्ड



अभिनेता धनुष की फिल्म 'तेरे इश्क में' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। 28 नवंबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन 16 करोड़ रुपये की कमाई की, जबकि दूसरे दिन यह आंकड़ा बढ़कर 17 करोड़ पर पहुंच गया। दो दिनों में फिल्म की कुल कमाई 33 करोड़ रुपये हो गई है। फिल्म के निर्माता आनंद एल. राय की लव स्टोरीज पहले भी दर्शकों को खूब पसंद आई हैं। नई फिल्म को मिले सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद पहले सप्ताहांत में भी बड़े कलेक्शन की उम्मीद जताई जा रही है। फिल्म का बजट करीब 85 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। हिट होने के लिए इसे लगभग 130 करोड़ रुपये की कमाई करनी होगी। फिल्म ने अपने दूसरे दिन 2015 में रिलीज हुई 'शमिताभ' के लाइफटाइम कलेक्शन (22.27 करोड़) को पीछे छोड़ दिया। अब इसका अगला लक्ष्य धनुष की ही चर्चित हिंदी फिल्म 'रांझणा' के 60.22 करोड़ के आंकड़े को पार करना है।

# अनन्या पांडे की नई तस्वीरों पर सुहाना खान का रिएक्शन वायरल

### बोलीं- तुम पर फिदा हूं





अभिनेत्री अनन्या पांडे ने अपनी आने वाली फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' से जुड़ी कुछ स्टाइलिश तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। इन तस्वीरों में उनका ग्लैमरस और आकर्षक लुक देखकर फैंस सहित उनकी करीबी दोस्त सुहाना खान भी प्रभावित नजर आईं। सुहाना ने अनन्या की तस्वीरों को अपनी स्टोरी में साझा करते हुए लिखा- "Obsessed with you", जिसे लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई। अनन्या ने इन लुक्स को फिल्म के टाइटल ट्रैक की शूटिंग से जुड़ा बताया। उन्होंने कहा कि यह गाना फिल्म की ऊर्जा और मुख्य किरदारों के बीच के रिश्ते को बखूबी दिखाता है। गाने की कोरियोग्राफी रेमो डिसूजा ने की है। फिल्म क्रिसमस के अवसर पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# संघर्ष के दिनों को याद कर भावुक हुए नवाजुद्दीन

अपनी नई वेब सीरीज 'रात अकेली हैः द बंसल मर्डर्स' और फिल्म 'मैं एक्टर नहीं हूं' को लेकर चर्चा में चल रहे अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने अपने संघर्ष भरे दिनों को याद किया। एक बातचीत में उन्होंने बताया कि शुरूआती दौर में वे बिना रुके एक ही दिन में तीन-तीन नाटकों की रिहर्सल करते थे। नवाजुद्दीन ने कहा कि उस समय इंटरनेट नहीं था, इसलिए पूरा ध्यान सिर्फ काम पर रहता था। उन्होंने बताया कि आज कलाकारों के पास अभिनय की विधियों की जानकारी तो है, लेकिन अभ्यास के लिए समय कम होता जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि लगातार फोन देखने की आदत से याददाश्त कमजोर पड़ती है और कलाकार अपने पुराने किरदारों की बारीकियों को जल्दी याद नहीं कर पाते। उनकी फिल्म 'मैं एक्टर नहीं हूं' एक ऐसे युवक की कहानी है, जो बैंक में नौकरी करता है लेकिन सपना अभिनेता बनने का देखता है। यह फिल्म न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित हो चुकी है। उनकी बहुप्रतीक्षित सीरीज 'रात अकेली हैः द बंसल मर्डर्स' का प्रसारण 19 दिसंबर से होगा। यह एक रहस्य-थ्रिलर आधारित सीरीज है, जिसका टीजर पहले ही दर्शकों में उत्सुकता बढ़ा चुका है।

# कृति शेट्टी ने सुनाई अपनी शुरुआती यात्रा की कहानी; एक संयोग ने बना दिया स्टार



दक्षिण भारतीय फिल्मों की लोकप्रिय अभिनेत्री कृति शेट्टी ने अपने फिल्मी सफर के शुरूआती दिनों का एक दिलचस्प किस्सा साझा किया, जो इन दिनों खूब चर्चा में है। कृति ने बताया कि वह एक विज्ञापन के ऑडिशन के लिए स्टूडियो पहुंची थीं। पिता के देर से आने पर वह पास के एक अन्य स्टूडियो में चली गईं, जहां संयोग से एक फिल्म का ऑडिशन चल रहा था। निमार्ताओं ने कृति को देखकर पूछा कि क्या वे फिल्मों में अभिनय करना चाहेंगी। कृति ने अपनी माँ का नंबर दे दिया। कुछ समय बाद कॉल आया और उनसे फिल्म का ऑडिशन देने को कहा गया। इसी तरह वे फिल्म 'उप्पेना' की नायिका के रूप में चुन ली गईं, जिसने उन्हें रातों-रात स्टार बना दिया। हालांकि इसके बाद आई कई फिल्मों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया। अब कृति तमिल की दो नई फिल्मों–'वा वथियार' और 'लव इंश्योरेंस कंपनी'–की शूटिंग कर रही हैं, जिनको लेकर उद्योग में अच्छा माहौल है। फैंस को इंतजार है कि क्या इन फिल्मों से कृति दोबारा सफलता की पटरी पर लौटेंगी।

# बंगाल के खिलाफ आया अभिषेक शर्मा का तूफान

## महज 32 गेंदों पर जड़ दिया शतक; गुरु युवराज की बराबरी पर पहुंचे



**हैदराबाद।** भारतीय टीम के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में दमदार प्रदर्शन किया। बंगाल के खिलाफ एलीट ग्रुप सी मुकाबले में अभिषेक ने महज 32 गेंदों पर अर्धशतक जड़ दिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले अपना दम दिखाया। अभिषेक पिछले कुछ समय से भारतीय टी20 टीम का स्थायी रूप से हिस्सा हैं और अगले साल टी20 विश्व कप से पहले उनका फॉर्म में रहना भारत के लिए सकारात्मक संकेत है। अभिषेक की दमदार बल्लेबाजी से पंजाब ने बंगाल के खिलाफ 20 ओवर में पांच विकेट पर 310 रन बनाए। अभिषेक ने 52 गेंदों पर आठ चौकों और 16 छक्कों की मदद से 148 रन बनाए।

### शमी के ओवर से जुटाए 23 रन

अभिषेक सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में पंजाब टीम की कमान संभाल रहे हैं। अभिषेक ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और प्रभसिमरन सिंह के साथ टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई। अभिषेक ने पहली ही गेंद से आक्रामक बल्लेबाजी की और महज 12 गेंदों पर पचासा जड़ दिया। उन्होंने अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के ओवर से 23 रन जुटाए।

### टी20 करियर का जड़ा आठवां शतक

अभिषेक और प्रभसिमरन ने इतनी आक्रामक होकर बल्लेबाजी की जिससे पंजाब का स्कोर 10 ओवर की समाप्ति के बाद बिना किसी नुकसान के 163 रन हो गया। बंगाल के गेंदबाजों के पास इन दोनों का कोई तोड़ नहीं था। अभिषेक का 157 पारियों में यह आठवां टी20 शतक है और उन्होंने इस मामले में रोहित शर्मा की बराबरी कर ली है। टी20 प्रारूप में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज में विराट कोहली आगे हैं जिन्होंने नौ शतक लगाए हैं। इतना ही नहीं, अभिषेक सबसे तेज टी20 अर्धशतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं और उन्होंने इस मामले में अपने गुरु युवराज सिंह की बराबरी कर ली है। युवराज ने इंग्लैंड के खिलाफ 12 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था।

### टी20 क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज

| क्रम | बल्लेबाज | गेंद | मैच | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दीपेंद्र सिंह ऐरी | 9 | नेपाल बनाम मंगोलिया | हांगझोउ |
| 2 | आशुतोष शर्मा | 11 | रेलवे बनाम अरुणाचल प्रदेश | रांची |
| 3 | अभिषेक शर्मा | 12 | पंजाब बनाम बंगाल | हैदराबाद |
| 4 | युवराज सिंह | 12 | भारत बनाम इंग्लैंड | डरबन |
| 5 | क्रिस गेल | 12 | मेलबर्न रेनेगेड्स बनाम एडिलेड स्ट्राइकर्स | मेलबर्न |

# नया प्रारूप, नई सीरीज...

## वनडे में नए संयोजन के साथ उतरेगी भारतीय टीम; रोहित-कोहली पर नजरें

**रांची।** क्रिकेट में हर गेंद और हर प्रारूप के हिसाब से रणनीतियां बनती और बदलती हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 25 साल बाद अपने घर में टेस्ट सीरीज गंवाने वाली भारतीय टीम नए प्रारूप और नई सीरीज में रविवार को जब पहला वनडे मुकाबला खेलने उतरेगी, तो उसका लक्ष्य पुरानी कमियों को दूर कर आगे बढ़ने का रहेगा। तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले से ही जितना ध्यान टीम के जीतने पर होगा, उतना ही दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली के प्रदर्शन के आकलन पर भी रहेगा। टी20 और टेस्ट से संन्यास ले चुके ये दोनों खिलाड़ी ठीक दो साल बाद अक्तूबर-नवंबर, 2027 में होने वाले वनडे विश्वकप के लिए अपनी उपयोगिता साबित करने के साथ ही टीम का मनोबल बढ़ाने का काम करेंगे। फिलहाल आगामी विश्वकप को ध्यान में रखने के बजाय वनडे में नंबर-एक भारतीय टीम अपनी धाक जमाने के साथ ही छठे नंबर की टीम दक्षिण अफ्रीका से 10 साल से घर में वनडे सीरीज न हारने के रिकॉर्ड को कायम रखना चाहेगी।





### टीम संयोजन की मशक्कत

टीम संयोजन की मगजमारी रहेगी। गिल की जगह यशस्वी के रोहित के साथ पारी की शुरूआत करने की उम्मीद है। तीसरे नंबर पर विराट आएंगे। चौथे पर श्रेयस की जगह तिलक, ऋतुराज या ऋषभ में से एक को मौका मिल सकता है। पांचवें नंबर पर राहुल खुद आ सकते कते हैं। छठे सातवें नंबर सुंदर और जडेजा, तो इसके बाद नीतीश, हर्षित, अर्शदीप और प्रसिद्ध को अंतिम एकादश में शामिल किए जाने के आसार हैं। यदि कुलदीप यादव को टीम में जगह मिलती है, तब नीतिश या वाशिंगटन में से किसी एक को हटाना पड़ेगा।

### दक्षिण अफ्रीका ने 10 साल से भारत में नहीं जीती वनडे सीरीज

दक्षिण अफ्रीका ने 2015 में अंतिम बार भारत में पांच मैचों की वनडे सीरीज 3-2 से जीती थी। वहीं तीन-तीन मैचों की पिछली दो सीरीज भारत ने 2-1, 2-1 से जीतीं, जिनमें एक 2022 में भारत में और एक 2023 में दक्षिण अफ्रीका की धरती पर। मेहमान टीम के पास कैगिसो रबादा और एनरिच नोर्त्जे नहीं हैं, लेकिन तेम्बा बावुमा की अगुआई में मेहमान टीम के पास ऑलराउंडर मार्को यानसेन, लुंगी एनगिडी, केशव महाराज कड़ी चुनौती पेश करेंगे। बल्लेबाजी में एडन मार्करम, क्विंटन डिकॉक, बावुमा, मैथ्यू ब्रीत्जके, डेवाल्ड ब्रेविस और रूबिन हर्मन टीम को मजबूती प्रदान करते हैं।

### रांची में चलता है विराट का बल्ला, रोहित यहीं से बने थे वनडे के स्थायी ओपनर

रांची के जेएससीए स्टेडियम में विराट कोहली का बल्ला खूब चलता है। उन्होंने यहां खेले पांच वनडे मुकाबलों में दो शतक और एक अर्धशतक की मदद से 384 रन बनाए हैं, जिसमें 139 रन की नाबाद पारी भी शामिल है। इसी स्टेडियम से रोहित शर्मा ने 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेनतीजा रहे मुकाबले से वनडे में नियमित ओपनर के रूप में शुरूआत की थी। इस स्टेडियम में भारत ने छह वनडे खेले हैं, जिनमें उसे तीन में जीत मिली है, तो दो में हार और एक बेनतीजा रहा है। भारत ने नौ अक्तूबर 2022 को इस स्टेडियम में अपना अंतिम वनडे मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ही खेला था, जिसमें सात विकेट से जीत दर्ज की थी।

# कनाडा को हराकर भारत सुल्तान अजलन शाह कप के फाइनल में

### खिताबी मैच में बेल्जियम से टक्कर

**नई दिल्ली।** जुगराज सिंह के चार गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को बड़े स्कोर वाले मुकाबले में कनाडा को 14-3 से हराकर सुल्तान अजलन शाह कप के फाइनल में जगह बनाई। भारतीय टीम को टूर्नामेंट में अभी तक सिर्फ बेल्जियम से एक गोल से हार मिली लेकिन पिछले मैच में न्यूजीलैंड पर 3-2 की शानदार जीत के बाद खिलाड़ी आत्मविश्वास से ओतप्रोत थे। भारतीय टीम रविवार को फाइनल में बेल्जियम से भिड़ेगी।

### नीलकांत ने दिलाई अच्छी शुरूआत

नीलकांत शर्मा ने मैच की शुरूआत चौथे मिनट में गोल दागकर की जिसके बाद सीनियर टीम में डेब्यू करने के बाद अच्छी फॉर्म में चल रहे राजिंदर सिंह ने 10वें मिनट में गोल कर दिया। यह रोमांचक शुरूआत रही। कनाडा ने शुरूआती गोल का जवाब पेनल्टी कॉर्नर हासिल करके उसे गोल में बदलकर दिया। 11वें मिनट में ब्रेंडन गुरालियुक ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। फिर अगले कुछ मिनटों में जुगराज सिंह और अमित रोहिदास ने क्रमशः 12वें और 15वें मिनट में गोल कर किए जिससे भारत की बढ़त 4-1 हो गई।



# रविवार, 30 नवम्बर राशिफल

परिवार या कार्य क्षेत्र में किसी तरह की अनियमितता के कारण मेष राशि के जातकों को दिन की शुरूआत से ही कलह या फिर मनमुटाव बढ़ने का डर सता सकता है। दिन की शुरूआत में आप पिछली गतिविधियों का निरीक्षण कर सकते हैं और उनमें सुधार करने का निर्णय ले सकते हैं लेकिन परिस्थितियों के कारण ऐसा करने में असमर्थ हैं।

आज आपके स्वभाव में भोग-विलास की इच्छा भी प्रबल हो सकती है। आज विपरीत लिंग के आकर्षण और अमर्यादित भाषा के प्रयोग से बचना होगा, अन्यथा सार्वजनिक क्षेत्र में अपमान के साथ-साथ शत्रुओं की भी वृद्धि हो सकती है। कार्य क्षेत्र से आज आश्चर्यजनक लाभ हो सकता है। जिस काम से कोई उम्मीद न हो वो काम भी पैसा कमा सकता है।

आज के दिन भी आपका मन किसी न किसी बात को लेकर क्रोध और द्वेष से भरा रहेगा। आपकी दिनचर्या भी अन्य दिनों की तुलना में धीमी हो सकती है, एक कार्य में देरी होने पर अन्य कार्य भी अव्यवस्थित हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में न सिर्फ आप लापरवाही करेंगे बल्कि दूसरे लोग भी आपको देखकर काम में देरी करेंगे।

बुद्धि और विवेक होते हुए भी कर्क राशि के लोग अपनी भावनाओं पर नियंत्रण नहीं रख पाते हैं। संतान के कारण घर में कोई न कोई समस्या रहेगी। कर्क राशि वाले बच्चों का अप्रत्याशित या उद्दंड व्यवहार मन को उदास कर सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका कुशल व्यवहार और निर्णय लेने की क्षमता लोगों को पसंद आएगी, लेकिन लाभ प्राप्ति में सहायक नहीं होगी।

दोपहर तक का समय व्यर्थ की भागदौड़ में बर्बाद हो सकता है, उसके बाद का समय आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। परंतु अपनी लापरवाही और व्यावहारिकता की कमी के कारण वे इसका पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगे। कार्य स्थल पर कुछ लोग आपकी उदारता का गलत फायदा उठा सकते हैं। सहकर्मी और अधिकारी भी आप पर बेवजह बोझ डाल सकते हैं।

आज के दिन अतीत से निराशा और असफलता के कारण आप धर्म से विमुख हो सकते हैं। दिन के शुरूआती हिस्से में कुछ शांति रहेगी। लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता जाएगा आप तरह-तरह की उलझनों में उलझते जाएंगे, फिर भी कल के मुकाबले आज का दिन कुछ राहत का भी अनुभव करेंगे।

तुला राशि के जातकों को आज दिन के शुरूआती हिस्से में काम में मन नहीं लगेगा और हर काम में आलस्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में भी विलंब होगा लेकिन थोड़ी देर में ही स्थिति को संभाल लेंगे। आज किसी परिचित को आपसे आर्थिक मदद की जरूरत पड़ेगी, लेकिन खुद की खराब स्थिति के कारण वह इससे बचने की कोशिश करेगा।

आज आपके स्वभाव में स्वार्थ की भावना आवश्यकता से अधिक रहेगी। अपने काम निकालने में परिवार वालों का सहयोग लेंगे, जाने-अनजाने परिवार के किसी सदस्य को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। स्वभाव में दिखावे की भावुकता के कारण कोई भी आपको आपके काम के लिए जल्दी मना नहीं करेगा।

आज भी किसी न किसी का विरोध देखना पड़ता है। कामकाज के मोर्चे पर आप दोपहर तक व्यर्थ के कामों में उलझे रहेंगे, जिसका दैनिक कार्यों से कोई लेना-देना नहीं होगा। मध्याहन के बाद किसी वरिष्ठ सामाजिक व्यक्ति के सहयोग से आप अपनी योजनाओं को दिशा देने में सक्षम होंगे, लेकिन आज धन की आमद आवश्यकता से कम होगी।

कल की तुलना में मकर राशि वालों को आज विपरीत परिणाम मिलेंगे। आपके अच्छे आचरण और परोपकारी स्वभाव के कारण आपको सार्वजनिक क्षेत्र में सम्मान मिलेगा। मकर राशि के जातक अपनी बुद्धि और विवेक से कार्यक्षेत्र में भी बिगड़े काम बनाने की क्षमता रखते हैं। जिससे अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

कुंभ राशि के दिन की शुरूआत से लेकर दोपहर तक आपको तरह-तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। यदि आप किसी कार्य को करने का प्रयास करेंगे तो आर्थिक कारणों से बाधाएं आएंगी, यदि आप कहीं से धन का प्रबंध करते हैं तो भी कोई अन्य बाधा कार्य को पूरा होने से रोकेगी।

कल की तुलना में आज मीन राशि के जातकों का दिन राहत भरा रहेगा, सेहत में थोड़ा सुधार होगा। फिर भी स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही से बचें। आज परिवार में पैतृक कारणों से अनबन रहेगी, शाम तक इसे नजरंदाज करने का प्रयास करें, इसके बाद स्थिति अपने आप सुधरने लगेगी। आज व्यापार से जुड़ा कोई वादा समय पर पूरा न होने से मन में मान हानि का भय हो सकता है।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# विवि में सभी के प्रिय जग्गी को सेवानिवृत्ति पर विदाई

एनएनआई




**आगरा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के गोपनीय विभाग सहित अनेक महत्वपूर्ण विभागों में अपनी निष्ठापूर्ण सेवाएँ देने वाले कार्यालय अधीक्षक तेज बहादुर जग्गी का शनिवार को विश्वविद्यालय परिवार से सेवानिवृत्त हुए। लगभग 36 वर्षों तक सतत परिश्रम, ईमानदारी और दक्षता के साथ कार्य करते हुए उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को एक नई कार्य-संस्कृति प्रदान की। उनके सम्मान में जुबली हॉल, पालीवाल पार्क परिसर में भव्य सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा जग्गी जी के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभा में मुख्य अतिथि स्वयं सेवानिवृत्त हो रहे तेज बहादुर जग्गी रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो. आशुरानी ने की। कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. आशुरानी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि जग्गी जैसा कोई नहीं–यह वाक्य सुनते ही सभागार तालियों और मुस्कुराहटों से गूंज उठा। उन्होंने कहा कि जग्गी विश्वविद्यालय के उन चुनिंदा कर्मियों में से हैं, जिनके पास हर विषय की सही और सटीक जानकारी रहती है। कठिन से कठिन कार्य को समय पर पूर्ण करना उनकी विशेषता रही, और यही कारण है कि न केवल विश्वविद्यालय बल्कि इससे संबद्ध सभी महाविद्यालय भी उनकी कार्यकुशलता की सराहना करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित परिजन भी भावुक क्षणों के साक्षी बने। अपने उद्बोधन में तेज बहादुर जग्गी ने कहा कि विश्वविद्यालय मेरा परिवार है। यहाँ जिस निष्ठा और सत्यनिष्ठा के साथ काम करना चाहिए, वही मैंने जीवनभर करने का प्रयास किया। विवि शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अखिलेश चौधरी ने तेज बहादुर जग्गी के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि उनके साथ कार्य करना एक सफल अनुभूति है मैं उनके आगे के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

# चिकित्सक उचित ट्रेनिंग के साथ लगातार अपने को रखें अपडेट

## तीन दिवसीय 118वीं अमासी स्किल कोर्स एंड एफमास परीक्षा का हुआ समापन

एनएनआई




### जुलाई में होगी सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की मेडिकल कॉन्फ्रेंस

समापन समारोह में डॉ. हिमांशु यादव ने घोषणा की कि लगभग जुलाई में आगरा में मिनिमल एक्सेस सर्जन्स की एक बड़ी मेडिकल कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। इसमें देश-विदेश के करीब 100 सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स भाग लेंगे, जिससे ताजनगरी को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा मिलेगी।

**आगरा।** एसोसिएशन ऑफ मिनिमल एक्सेस सर्जन्स ऑफ इंडिया (अमासी) द्वारा फतेहाबाद रोड स्थित कलाकृति कन्वेंशन सेंटर में आयोजित चल रहे 118वीं अमासी स्किल कोर्स एंड एफमास एग्जामिनेशन के तीसरे दिन लिखित, मौखिक एवं प्रैक्टिकल परीक्षाओं का आयोजन किया गया। संयोजक गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जन डॉ. हिमांशु यादव ने बताया कि इस बार अमासी कॉन्फ्रेंस में अब तक का सर्वाधिक रजिस्ट्रेशन हुआ है। पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक चिकित्सकों ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया और विभिन्न भ्रांतियों को दूर किया। नई पीढ़ी के डॉक्टरों को उन्नत कौशल सिखाने पर विशेष जोर दिया गया, जिससे वे अपने क्षेत्र में मरीजों को और बेहतर उपचार प्रदान कर सकें। देशभर से आए चिकित्सकों को दो दिनों तक अनुभवी सर्जनों द्वारा नवीन चिकित्सा पद्धतियों, आधुनिक लैप्रोस्कोपिक तकनीक तथा नवीन उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. अनुभव गोयल ने कहा कि चिकित्सकों को अपने क्षेत्र में दक्षता बढ़ाने के लिए निरंतर अपडेट रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि दूरबीन (लप्रोस्कोपिक), हर्निया और गॉलब्लैडर सर्जरी आधुनिक तकनीक के कारण कम समय लेने वाली, सुरक्षित और मरीजों के लिए अत्यधिक फायदेमंद सर्जरी हैं। परीक्षा पैनल में डॉ. अभिनव मित्तल, डॉ. अंकुर बंसल, डॉ. अनुभव गोयल, डॉ. सुरेंद्र पाठक, डॉ. समीर रेगे, डॉ. हिमांशु यादव, डॉ. देवाशीष सरकार और करन रावत शामिल रहे। सर्जरी और गायनी से जुड़े लगभग 200 डॉक्टरों ने परीक्षा दी, जिनके परिणाम 15 दिनों बाद घोषित किए जाएंगे। समापन पर प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रंजना बंसल ने चेन्नई से आए चिकित्सक विग्नेश दुराई को सम्मानित किया।

# मेट्रो निर्माण कार्य के चलते ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ी

## नगर निगम को हुई वित्तीय हानि तो यूपी मेट्रो रेल कारपोरेशन से होगी वसूली

एनएनआई

**आगरा।** एमजी रोड और हाइवे पर मेट्रो निर्माण कार्य के चलते ट्रैफिक और पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है। फुटपाथ तोड़कर सड़क में शामिल करने, मनमानी बैरिकेडिंग और पार्किंग स्पेस पर अतिक्रमण की वजह से नगर निगम की कई पार्किंग अस्थायी रूप से बंद या बाधित हो गई हैं। इससे निगम के राजस्व पर सीधा असर पड़ा है।

सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम ने बताया-मेट्रो कार्यों के कारण यदि निगम को वित्तीय हानि होती है, तो उसकी वसूली यूपी मेट्रो रेल कारपोरेशन से की जाएगी। इस संबंध में निगम प्रशासन द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

इस बाबत मेट्रो रेल कारपोरेशन को पत्र भी भेजा जा रहा है।कई क्षेत्रों में पार्किंग पॉइंट या तो पार्किंग स्पेस खत्म होने से बंद हो चुके हैं या मनमाने स्थानों पर वाहनों के खड़े होने से जाम दैनिक समस्या बन गया है। मेट्रो का कार्य शहर में जाम की समस्या को बढ़ावा दे रहा है। एमजी रोड पर जाम के हालात कुछ ज्यादा खराब हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैरिकेडिंग और सड़क सबसे बड़ी जाम की वजह है, जिससे यातायात पुलिस के भी पसीने छूट जाते हैं।जाम खुलवाने के लिए मेट्रो के कर्मचारी को लगाया गया था, लेकिन जाम लगने के बाद वे दिखाई ही नहीं देते हैं। इससे शहर के लोगों की जाम की समस्या बढ़ती जा रही है।

यातायात पुलिस का कहना है कि वे जाम की समस्या को कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन मेट्रो का कार्य और बैरिकेडिंग के कारण जाम की समस्या बढ़ रही है। भगवान टाकीज चौराहे पर अब सिटी बसों के खड़े होने के लिए भी जगह नहीं है, जिसके कारण उन्हें फ्लाईओवर के नीचे रोका जा रहा है। इससे जाम और बढ़ रहा है।शहर के कई हिस्सों में सर्विस लेन समाप्त हो चुकी है। आने वाले चरणों में मेट्रो की और बैरिकेडिंग बढ़नी है, जिससे हाइवे पर भी पार्किंग और यातायात की स्थिति और खराब हो सकती है।निगम अधिकारियों के अनुसार शहर में अधिकांश पार्किंग सड़क किनारे संचालित हैं, जबकि शासनादेश इनके लिए वैकल्पिक क्षेत्र का उपयोग करने का निर्देश देते हैं। अव्यवस्थित बैरिकेडिंग और सड़क की चौड़ाई कम होने से इन पार्किंगों का संचालन लगभग असंभव हो गया है।नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने कहा है-एमजी रोड और हाइवे पर पार्किंग व्यवस्था पर मेट्रो निर्माण के प्रतिकूल प्रभाव को गंभीरता से लिया गया है। मेट्रो की बैरिकेडिंग और सड़क चौड़ीकरण के कारण यदि नगर निगम को राजस्व में किसी भी प्रकार की हानि होती है, तो उसकी भरपाई मेट्रो रेल कारपोरेशन से कराई जाएगी। इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है और मेट्रो अधिकारियों को पत्र भेजा जा रहा है। शहरवासियों को राहत देने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

